khabardrishtikon@gmail.com https://khabardrishtikon.com/ https://l.facebook.com khabardrishtikon.com

KD NEWS सच का सामना

लखनऊ

बुधवार – 20 सितम्बर 2023

वर्ष : 02 – अंक : 325

पृष्ठ-8 मूल्य-1:00 रूपये

आरएनआई : UPHIN/2021/82210

हिन्दी दैनिक

# खबर दृष्टिकोण

समाचार ही नहीं, विश्वास भी...



2 प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्र में अब तक दिये गये 38.71 लाख ...

3 दिखावा साबित हो रहा है लाखों से निर्मित नेवलपुर का सामुदायिक...

5 सनातन पर दिए बयान पर माफी मांगे उदयनिधि, एक हफ्ते ...

### महिला आरक्षण पर बोले पीएम मोदी

# 'नया संसद भवन एक ऐतिहासिक फैसले का साक्षी बन रहा है'

नई दिल्ली (एजेंसी)। महिला आरक्षण बिल पर सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि इसमें क्या एतिहासिक है? यह कहते हैं कि आपको महिला आरक्षण 2029 में मिलेगा। इसमें परिसीमन होना जरूरी है। अगर यह (परिसीमन) नहीं होगा तो क्या होगा? यह महिलाओं को एक सपना दिखा रहे हैं कि आपको 2029 में आरक्षण मिलेगा। इनको आज महिला आरक्षण की याद क्यों आ रही हैं? इनकी सोच राजनीतिक है। यह राजनीति के अलावा सोच ही नहीं सकते हैं।




**महिलाओं को अब और कितने दिनों तक इंतजार करना होगा : वेणुगोपाल**

महिला आरक्षण बिल पर कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि यह बिल आया अच्छी बात है, लेकिन इसमें कुछ और करने की जरूरत थी, महिलाओं के आरक्षण के तहत ेैह,ैज का आरक्षण तो ठीक है लेकिन अन्य व्ठब समुदाय भी आरक्षण का इंतजार कर रहा है। सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि वे ओबीसी के लिए क्या करने जा रहे हैं। वे कह रहे हैं कि परिसीमन के बाद ही इसे लागू किया जाएगा तो महिलाओं को अब और कितने दिनों तक इंतजार करना होगा।

**देश के उत्थान में महिलाओं की ज्यादा भागीदारी होगी :वीके सिंह**

महिला आरक्षण बिल पर केंद्रीय मंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) वीके सिंह ने कहा कि अब जरूरत थी कि नई संसद के साथ एक नई शुरुआत हो और जो चीज अटकी हुई है उसको आगे लाया जाए। बहुत अच्छी बात है कि महिला आरक्षण बिल की शुरुआत की गई है। इससे महिलाओं को अधिकार मिलेगा, महिलाओं का सशक्तिकरण होगा और देश के उत्थान में उनकी भागीदारी होगी।

**एसटी हसन ने कही यह बात**

समाजवादी पार्टी सांसद एसटी हसन ने कहा कि महिला आरक्षण बिल के हम समर्थन में हैं क्योंकि अभी नहीं पता कि इसमें ैबैज, व्ठब और मुस्लिम का आरक्षण है या नहीं। हम चाहते हैं कि इसमें भी इनका आरक्षण हो। हमारी मांग की यह बिल चुनाव आयोग के ऊपर ना डाला जाए, बल्कि पार्टियों को जरूरी किया जाए कि वे अपने हिसाब से अपने प्रतिनिधियों को टिकट दें। महिला आरक्षण बिल पर अभिनेत्री ईशा गुप्ता ने कहा कि नए संसद का आज पहला सत्र था और कितनी बड़ी बात है कि आज महिला आरक्षण बिल पेश हुआ। इससे यह दिख रहा है कि भारत कितनी तरक्की करेगा, अगर हम लक्ष्मी से शुरुआत करें। मैंने बचपन से ही राजनीति में आने के बारे में सोचा था। देखते हैं कि अगर यह बिल पास हो गया तो आप मुझे 2026 में देखेंगे।

**देश की सभी महिलाओं को बधाई देता हूं : चिराग**

महिला आरक्षण बिल पर लोक जनशक्ति पार्टी(राम विलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि सबसे पहले मैं देश की सभी महिलाओं को बधाई देता हूं। हम लंबे समय से इसकी उम्मीद लगाकर रखे हुए थे कि महिलाओं का अधिकार कब इस संसद में पारित होगा। इसमें लंबा समय लगा लेकिन हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास था। मुझे खुशी है कि आज सशक्त रूप में नारी शक्ति वंदनाश के रूप में इस बिल को प्रस्तुत किया गया है। महिला आरक्षण बिल पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा कि इसे(महिला आरक्षण बिल) आने दीजिए...हमने इसे स्थानीय निकायों में उस स्तर पर लागू किया है जो हमारे लिए उपयुक्त था। हमने इसे भारत सरकार से बहुत पहले, 5 अगस्त 2019 से बहुत पहले लागू कर दिया था।

## पीएम आवास योजना व सीएम आवास योजना के लाभार्थियों के खाते में पहुँचे 1118.85 करोड़ : केशव




लखनऊ (संवाददाता)। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के सभी लाभार्थियों को सभी स्वामित्व प्रमाणपत्र दिया जाएगा। स्वामित्व प्रमाणपत्र के आधार पर भविष्य में लाभार्थी अपने आवास के आधार पर बैंक से ऋण की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे ।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह में यह घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों के खाते में 1118.85 करोड़ रुपये की राशि आनलाइन भेजी ।मुख्यमंत्री आवास योजना के 80 हजार लाभार्थियों के खाते में 323.24 करोड़ रुपये की पहली किस्त और प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों के खाते में 795.61 करोड़ रुपये की राशि आनलाइन ट्रांसफर की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में अब तक 38.56 लाख आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। उपमुख्यमंत्री ने आवास योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किए।

## एमएमएमयूटी में बोलीं कुलाधिपति : ज्ञान–विज्ञान के दम पर थे विश्व गुरु, तकनीकी दक्षता से ही मिलेगी नई पहचान

गोरखपुर (संवाददाता)। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि भारत अपने ज्ञान और विज्ञान के दम पर ही विश्वगुरु था। तकनीकी और ज्ञान के क्षेत्र में आपकी बुनियाद जितनी मजबूत होगी, देश उतना आगे तेजी से तरक्की करेगा। मंगलवार को विश्वविद्यालय के पीएचडी छात्रों को उपाधि तथा अन्य को डिग्री व मेडल बांटने के बाद कुलाधिपति ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए कोई अन्य मार्ग नहीं है। नवाचार के लिए उद्यमिता एवं कौशल विकास की महत्वपूर्ण भूमिका है। युवा पीढ़ी को गुलामी की मानसिकता से मुक्त हो और



उनमें कर्तव्यबोध हो ऐसा प्रयास करना होगा। नई शिक्षा नीति में स्किल पर जोर दिया गया है। तकनीकी के क्षेत्र में भारत आगे बढ़कर कार्य कर रहा है। जो देश जितना बेहतर प्रदर्शन करेगा, उसकी स्वतंत्रता उतनी मजबूत होगी। कहा कि इस बार जी–20 के शिखर सम्मेलन में भी स्वागत के दौरान मंच के पीछे जो बैनर लगा था, उस पर नालंदा विश्वविद्यालय का चित्र था।

**भारत 6 जी की तरफ बढ़ रहा है**

एमएमएमयूटी के दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि और इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्रीज (आईआईटी) के प्रबंध निदेशक और मदन मोहन मालवीय इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र रहे राजेश राय ने कहा कि भारत 6 जी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आईआईटी व अन्य तकनीकी संस्थान इस दिशा में अच्छा प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने पढ़ाई पूरी करने वाले छात्रों को सुझाव देते हुए कहा कि बाजार में हो रही दौड़ में शामिल होने की बजाय खुद के इंटरेस्ट पर फोकस करें। 90 प्रतिशत इंजीनियर सैलरी के तनाव में हैं। इससे दो–चार साल तो अच्छा महसूस होगा।

## नायडू की गिरफ्तारी के खिलाफ टीडीपी नेताओं का राजघाट पर मौन प्रदर्शन

नयी दिल्ली। तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के नेताओं ने पार्टी महासचिव नारा लोकेश के नेतृत्व में मंगलवार को पार्टी प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी के खिलाफ राजघाट पर मौन विरोध प्रदर्शन किया। टीडीपी सांसद और पूर्व सांसद महात्मा गांधी की समाधि पर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। काले बिल्ले पहनकर नेताओं ने राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। सोमवार को पार्टी सांसदों ने संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास धरना दिया। उन्होंने नारे लगाए और नायडू की गिरफ्तारी को अवैध बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें बिना किसी सबूत के जेल में रखा जा रहा है। सांसदों ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार को आंध्र प्रदेश की स्थिति पर ध्यान देना चाहिए।

## महिला आरक्षण बिल पर मायावती का बयान

### 33 की जगह 50 प्रतिशत हो आरक्षण, एससी–एसटी को अलग से मिले कोटा

लखनऊ (संवाददाता)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि केंद्र सरकार महिलाओं को लोकसभा और राज्य विधानसभा में 33 प्रतिशत सीटों पर आरक्षण देने के लिए संसद में बिल लाने जा रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की संख्या देखते हुए आरक्षण का प्रतिशत 33 नहीं बल्कि 50 होना चाहिए। साथ ही एससी, एसटी,ओबीसी कोटा भी सुनिश्चित होना चाहिए। बसपा मुखिया मायावती ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमें उम्मीद है कि चर्चा के बाद इस बार बिल पास हो जाएगा, क्योंकि यह काफी समय से लंबित था। उन्होंने



बताया कि मैंने संसद में अपनी पार्टी की ओर से कहा था कि महिलाओं की आबादी को ध्यान में रखते हुए लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को प्रस्तावित 33 की बजाय 50 प्रतिशत आरक्षण मिले। मायावती ने कहा कि हम पहले से ही इस विधेयक के समर्थन में हैं। महिला आरक्षण बिल को जातिवादी पार्टियां आगे बढ़ते नहीं देखना चाहती हैं। इन वर्गों की महिलाओं को अलग से आरक्षण की व्यवस्था की जानी चाहिए। ऐसा नहीं होता है तो हम ये मान कर चलेंगे कि ये कांग्रेस की तरह इन्हें हाशिये पर रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सीटें बढ़ाई जाएं तो किसी भी प्रकार की राजनीति नहीं होनी चाहिए। मुझे उम्मीद है कि सरकार इस बारे में सोचेगी। पुराने संसद भवन से विदाई हो चुकी है। इसे आसानी से भुलाया नहीं जा सकता है। मुझे संसद के दोनों सदनों में जाने का मौका मिला, जो मेरे लिए सौभाग्य की बात है। नए संसद की शुरूआत आज से की जा रही है जिसका बसपा दिल से स्वागत करती है।

## नूंह हिंसा: कांग्रेस विधायक मम्मन खान 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

गुरुग्राम (एजेंसी)। हरियाणा के नूंह में हिंसा भड़काने के आरोपी फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मम्मन खान को मंगलवार को अदालत में पेश किया गया, जहां उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। खान की अदालत में पेशी के चलते जिले में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। अदालत की ओर जाने वाली सड़कों पर 200 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किये गये थे। शुक्रवार को गिरफ्तारी के बाद विधायक को चार दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। नूंह पुलिस ने आरोपी विधायक के खिलाफ चार एफआईआर दर्ज की थीं। उनकी गिरफ्तारी के बाद, पुलिस ने दावा किया कि खान नगीना क्षेत्र में यात्रा पर सांप्रदायिक हमले के प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक थे। उन्होंने उसके फोन और लैपटॉप को कब्जे में ले लिया है और मामलों में गिरफ्तार सह–अभियुक्तों के साथ उसकी कथित मुलाकात से संबंधित किसी भी सबूत के लिए उनके सोशल मीडिया खातों की समीक्षा कर रहे हैं। हालांकि, खान के वकीलों और समर्थकों ने कहा कि उन्हें मामलों में गलत तरीके से फंसाया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक रिमांड अवधि में एसआईटी ने खान से पूछताछ की थी। वह एसआईटी के सवालों से बचते रहे थे। पुलिस ने अदालत को बताया कि आरोपी सहयोग नहीं कर रहे तथ्य छिपा रहे हैं और उनका फोन फॉर्मेट हो गया है। एसआईटी विधायक की सुरक्षा में लगे सुरक्षाकर्मियों के भी बयान दर्ज करेगी। खान को 31 जुलाई को नूंह जिले में हुई सांप्रदायिक हिंसा के सिलसिले में शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था।

## महिला आरक्षण लैंगिक न्याय और सामाजिक न्याय का संतुलन होना चाहिए, नारी शक्ति वंदन विधेयक पर बोले अखिलेश यादव

लखनऊ (संवाददाता)। महिला आरक्षण विधेयक संसद में पेश किए जाने के बाद समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि महिला आरक्षण लैंगिक न्याय और सामाजिक न्याय का संतुलन होना चाहिए। सपा प्रमुख यादव ने ट्वीट कर कहा कि, महिला आरक्षण लैंगिक न्याय और सामाजिक न्याय का संतुलन होना चाहिए। इसमें पिछड़े,दलित, अल्पसंख्यक, आदिवासी (पीडीए) की महिलाओं का आरक्षण निश्चित प्रतिशत रूप में स्पष्ट होना चाहिए।" इससे पहले सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा, "जहां तक इस (महिला आरक्षण) विधेयक का सवाल है, हमारा रुख यह है कि इस विधेयक के तहत पिछड़ों को कितना आरक्षण मिलेगा। कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार द्वारा जब यह विधेयक पेश किया गया था तो हमने इसका विरोध किया था। आज जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इसे ला रही है, तो हम (उनसे) पूरी तरह सहमत नहीं हैं। चौधरी ने कहा, "हम महिलाओं के साथ न्याय चाहते हैं और उनके लिए आरक्षण भी चाहते हैं। लेकिन पिछड़ों, आदिवासियों, दलितों के लिए कितना आरक्षण होगा? उन्होंने यह भी कहा कि विधेयक में यह बताया जाना चाहिए कि अन्य पिछड़ी जाति, दलित, अल्पसंख्यक और अनुसूचित जाति–अनुसूचित जनजाति (एससी–एसटी) समुदाय की महिलाओं को दिए जाने वाले आरक्षण का कोटा क्या होगा? चौधरी ने यह भी बताया कि इस संबंध में फैसला दिल्ली में लिया जाएगा, क्योंकि पार्टी के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव और डिंपल यादव दिल्ली में हैं। वर्ष



2009 में सपा के तत्कालीन अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने (प्रस्तावित) महिला आरक्षण विधेयक का विरोध करते हुए इसे "कठिन संघर्षों के माध्यम से लोकसभा तक पहुंचने वाले नेताओं के खिलाफ एक "साजिश करार दिया था। उस वक्त सपा कांग्रेस के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को बाहर से समर्थन दे रही थी। सिंह के बयान के समर्थन में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के तत्कालीन नेता शरद यादव ने तर्क दिया था कि अगर विधेयक आम सहमति के बिना पारित किया गया तो यह "जबरन जहर देने के समान होगा।

## आंध्र सीएम ने तिरुमाला मंदिर में की पूजा–अर्चना, रेशम के वस्त्र चढ़ाए

तिरुपति (एजेंसी)। श्रीवारी सालाकत्ला ब्रह्मोत्सवम के पहले दिन आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने राज्य सरकार की ओर से श्री वेंकटेश्वर स्वामी को पट्टू वस्त्रलु (रेशमी वस्त्र) भेंट किए। सीएम ने मंगलवार तड़के मंदिर में पूजा–अर्चना भी की। श्री बेदी अंजनेयस्वामी के मंदिर पहुंचने के बाद जगन मोहन रेड्डी तिरुमाला मंदिर की ओर रवाना हुए। पुजारियों ने मुख्यमंत्री को पट्टू वस्त्रलु भेंट करने और दर्शन करने से पहले परिवत्तम बांधा। उन्होंने पारंपरिक पोशाक में सिर पर रेशम का लबादा पहना हुआ था। सीएम ने पहले तिरुमाला मंदिर और बाद में वकुलमाता, विमान वेंकटेश्वर स्वामी, भाष्यकारला सन्निधि और योग नरसिम्हास्वामी की पूजा–अर्चना की ।दर्शन के बाद वैदिक पंडितों ने श्री रंगनायकुला मंडपम में भजन गाते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने 2024 के लिए टीटीडी डायरी और कैलेंडर भी जारी किया। बाद में उन्होंने 7 करोड़ रुपये और 11.50 करोड़ रुपये से निर्मित वकुला माता निलयम और श्री रचना कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। टीटीडी के अध्यक्ष भूमना करुणाकर रेड्डी और कार्यकारी अधिकारी ए. वी. धर्म रेड्डी मुख्यमंत्री के साथ थे ।उपमुख्यमंत्री नारायण स्वामी, मंत्री पेद्दिरेड्डी रामचंद्र रेड्डी, कोट्टू सत्यनारायण, आदिमुलापु सुरेश, रोजा, विधायक कोडाली नानी, मधुसूदन रेड्डी और अन्य लोग उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने मंगलवार तड़के पहाड़ी मंदिर में दर्शन किये। प्रार्थना के बाद रंगनायकुला मंडपम में पुजारियों ने उन्हें आशीर्वाद दिया और प्रसाद दिया।

# राज्यसभा में खरगे–सीतारमण के बीच तीखी बहस

### जीएसटी और महिलाओं के मुद्दे पर आए आमने–सामने

नई दिल्ली (एजेंसी)। नए संसद भवन में राज्यसभा की पहली बैठक के दौरान ही नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बीच तीखी नोंकझोंक हो गई। ऐसा दो बार हुआ। पहली बार जब खरगे ने जीएसटी का जिक्र किया और दूसरी बार तब जब उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति की महिलाओं की साक्षरता दर कम है। यही कारण है कि राजनीतिक दलों को कमजोर महिलाओं को चुनने की आदत है। दोनों ही बार सीतारमण ने खरगे को तीखे प्रहार किए। खरगे ने दावा किया कि राज्यों को जीएसटी राशि समय से नहीं मिल रही है। कुछ राज्यों को जीएसटी, मनरेगा, कृषि, सिंचाई सहित विभिन्न कार्यक्रमों की अनुदान राशि समय से नहीं मिलती है। क्या इससे ऐसे राज्य कमजोर नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ लोकतंत्र की बात करती है लेकिन कई राज्यों में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकारों को उसने गिरा दिया। वित्त मंत्री सीतारमण ने पलटवार करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष का बयान तथ्यात्मक रूप से गलत है। केंद्र सरकार ने उधार लेकर राज्यों को जीएसटी का भुगतान किया है। राज्यों को हर बार एक दो महीने एडवांस में भी जीएसटी का भुगतान किया गया। किसी भी राज्य का कोई भी जीएसटी पैसा केंद्र पर बकाया नहीं है।

**महिलाओं के मुद्दे पर भी आए आमने–सामने**

खरगे ने कहा कि अनुसूचित जाति की महिलाओं की साक्षरता दर कम है। यही कारण है कि राजनीतिक दलों को कमजोर महिलाओं को चुनने की आदत है। वे उन लोगों को नहीं चुनते, जो शिक्षित हैं और लड़ सकती हैं। इस पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि हम विपक्ष के नेता का सम्मान करते हैं लेकिन यह व्यापक बयान देना कि सभी पार्टियां उन महिलाओं को चुनती हैं जो प्रभावी नहीं हैं बिल्कुल अस्वीकार्य है। प्रधानमंत्री जी, हमारी पार्टी ने हम सभी को सशक्त बनाया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक सशक्त महिला हैं। नोंकझोंक के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने दोनों नेताओं को शांत कराया और मामले से जुड़े दस्तावेज पेश करने को कहा। दोनों ने कहा कि वे आज ही अपने दावों के समर्थन में संबंधित दस्तावेज सदन के पटल पर रखेंगे।

**महिला आरक्षण बिल पर किसने क्या कहा?**

महिला आरक्षण बिल पर भाजपा सांसद रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि यह बहुत ऐतिहासिक क्षण है। नई संसद में आज हमारा पहला दिन था। हम बहुत खुश हैं। नारी शक्ति का अभिनंदन... इस बिल पर सर्वसम्मति होती तो अच्छा होता। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि मैं उम्मीद करती हूं कि यह तुरंत लागू होगा लेकिन बिल में यह लिखा है कि यह परिसीमन के बाद ही लागू होगा। इसका यह मतलब हुआ कि यह आरक्षण 2029 तक लागू नहीं हो सकता। आपने दरवाजे तो खोल दिए हैं लेकिन दरवाजों पर महिलाओं के लिए अभी भी 'नो एंट्री' है। महिला आरक्षण बिल पर AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि इससे पहले भी जब ऐसा बिल पेश हुआ था तब हमारी पार्टी ने इसका विरोध किया था। इस बिल में सबसे बड़ी कमी ये है कि इसमें व्ठब और मुसलमान महिलाओं के लिए कोटा नहीं रखा गया इसलिए हम इसके खिलाफ हैं। CPM नेता वृंदा करात ने कहा कि यह बिल सुनिश्चित करता है कि अगले परिसीमन अभ्यास तक महिलाएं चुनाव से वंचित रहें। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो 2024 के चुनावों और 18वीं लोकसभा के गठन तक संसद में 1/3 महिलाएं नहीं होंगी, कई विधानसभा चुनावों में 1/3 महिलाएं नहीं होंगी... क्या महिलाओं को मोदी सरकार द्वारा लाए गए इस बिल के लिए आभारी होना चाहिए?

## आवश्यकता है

आवश्यकता है, उ0प्र0 राजधानी लखनऊ से प्रकाशित राष्ट्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र खबर दृष्टिकोण ,वेब पोर्टल व चैनल को मंडल स्तर/जिला स्तर/तहसील स्तर व ब्लाक स्तर पर पार्टनर/क्षेत्रीय पार्टनर/ब्यूरो/सवांददाता की। पत्रकारिता जगत से जुड़ने के लिए इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करे ।

**संपर्क नं.**

8840277268 / 522–4073793

**ई मेल–**

khabardrishtikon@gmail.com

**Website :**

www.khabardrishtikon.com

**Off Add-** 6A/101,Sector&6 Vrindavan Yojana Rai Bareli Road Lucknow.

# प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्र में अब तक दिये गये 38.71 लाख आवास

## आवास योजना में ग्रामीण क्षेत्र के लाभार्थियों को अब तक दी गयी रू042726 करोड़ की धनराशि
## उप मुख्यमंत्री ने जिलों से आये लाभार्थियों को वितरित किए आवास स्वीकृत पत्र।

खबर दृष्टिकोण

लखनऊ।उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के जूपिटर हाल में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना –ग्रामीण व मुख्यमंत्री आवास योजना –ग्रामीण के लाभार्थियों को रू01118.85करोड़ की धनराशि का डिजिटल अन्तरण किया। उप मुख्यमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री आवास योजना –ग्रामीण के 80हजार लाभार्थियों को रू0 323.24करोड़ की प्रथम किस्त की धनराशि का डिजिटल अन्तरण एवं प्रधानमंत्री आवास योजना –ग्रामीण के लाभार्थियों को विभिन्न किश्तोंकी धनराशि रू0795. 61करोड़, कुल धनराशि रू01118.85 करोड़ की धनराशि का डिजिटल अन्तरण किया गया।इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हर गरीब का पक्के घर का सपना हर हाल में पूरा होगा। डबल इंजन सरकार गांव – गरीब के विकास के लिए समर्पित है।आवास योजना के लाभार्थियों को सभी अनुमन्य सुविधाएं दी जा रही हैं।ग्राम्य विकास विभाग की कई योजनाओं में उत्तर प्रदेश, देश में टाप पर है।प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्र में अब तक 38.71 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं जिसमें 28. 55लाख आवास महिला लाभार्थियों को दिये गये हैं,जो घर की मालकिन के रूप मेंभी पुकारी जायेंगी और 29. 88 लाख लाभार्थियों को निरूशुल्क विद्युत कनेक्शन दिए गए हैं। आवास योजना के 24लाख लाभार्थियों के घरों में पाइप लाइन से पानी की सप्लाई दी गयी है।मुख्यमंत्री आवास योजना –ग्रामीण में जिन 80हजार लाभार्थियों को आज धनराशि भेजी गयी, उनमें लगभग 60हजार दिव्यांग लाभार्थी हैं।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आवास योजना मेंग्रामीण क्षेत्र के लाभार्थियों को अब तक रू042726 करोड़ की धनराशि दी गयी है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आवास योजना के लाभार्थियों को निरूशुल्क विद्युत कनेक्शन, निःशुल्क गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत योजना मेंआयुष्मान कार्ड, शौचालय के लिए रू012हजार की धनराशि, 90÷95दिन की मनरेगा से मजदूरी (लगभग रू 20700/–प्रति लाभार्थी) दिया जा रहा है। इसकेअलावा सभी लाभार्थियों को जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना से पानी का निःशुल्क कनेक्शन दिया जा रहा है, और प्रत्येक महिला लाभार्थी को राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित समूहों से जोड़ा जा रहा है। यही नहीं इन सभी लाभार्थियों को राजस्व विभाग के समन्वय से स्वामित्व प्रमाण पत्र भी दिये जाने की व्यवस्था की गयी है।सभी लाभार्थियों को उन्हें सभी अनुमन्य सुविधाएं मिल गयी हैं कि नहीं, इसकी मानीटरिंग के लिए सिस्टम डेवलप किया जा रहा है,कहा कि हालांकि अधिकांश लाभार्थियों को अनुमन्य सुविधाएं उपलब्ध करा दी गयी है, फिर भी यदि कोई वंचित रह गये होंगे, तो उन्हेंभी शीघ्र ही सब अनुमन्य सुविधाएं उपलब्ध करा दी जायेंगी। उप मुख्यमंत्री ने कई जिलों से आये लाभार्थियों आवास स्वीकृत पत्र भी वितरित किए, जिनमें अधिकांश दिव्यांगजन थे। प्रधानमंत्री आवास योजना –ग्रामीण व मुख्यमंत्री आवास योजना –ग्रामीण के त्वरित गति से क्रियान्वयन के लिए उप मुख्यमंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों की सराहना की।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बहुत तेजी से काम हो रहा है, प्रदेश में लगभग 8.5लाख स्वयं सहायता समूह गठित है, जिनसे 1करोड़ से अधिक महिलाएं जुड़ी हैं। लखपति महिला योजना के तहत महिलाओं को लखपति बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश में बहुत तेजी से काम हो रहा है। प्रदेश खुशहाली के रास्ते पर तेजी से अग्रसर हो रहा है। कानून व्यवस्था चुस्त–दुरुस्त है। विकास के नये आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। सोशल सेक्टर की हर योजना का लाभ हर पात्र व्यक्ति को दिया जा रहा है। गरीबों को उनका हक दिलाया जा रहा है। गांव– गरीब के साथ मातृशक्ति और दिव्यांगजनो के विकास के लिए खासतौर पर फोकस किया जा रहा है।प्रधानमन्त्री के नेतृत्व में देश में 4करोड़ बेघरों को पक्के मकान दिये गये हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना –ग्रामीण की चर्चा करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के कई जनपदों जैसे, लखीमपुर खीरी, प्रयागराज, जौनपुर, मिर्जापुर, बलरामपुर, कानपुर नगर, कानपुर देहात व सोनभद्र में क्लस्टर में भी आवास बनाए गए हैं, जहां सीसी रोड,इन्टरलाकिग, पेयजल , सोलर लाइटों, शेड,जैसी बुनियादी सुविधाएं भी प्रदान की गयी है। उन्होंने कहा कि योजना में पारदर्शिता व जन सहभागिता के दृष्टिगत ब्लाकों में आज जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्वीकृति पत्र वितरण, भूमिपूजन कार्यक्रम, गृह प्रवेश एवं पूर्ण आवासों का चाभी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने सभी को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दीं।





राज्यमंत्री ग्राम्य विकास विभाग विजयलक्ष्मी गौतम ने इस अवसर पर कहा कि सबका साथ– सबका विकास के मूल मन्त्र के साथ डबल इंजन सरकार सभी की भलाई के लिए कार्य कर रही है। गरीबों को अपना पक्का आवास होने का सपना पूरा हो रहा है। ग्राम्य विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गांवों के विकास के लिए क्रान्तिकारी कदम उठाए गये हैं।

अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास विभाग हिमांशु कुमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना –ग्रामीण व मुख्यमंत्री आवास योजना –ग्रामीण के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में लगातार अच्छा प्रयास किया किया गया है, जिससे योजनाओं में प्रदेश की उपलब्धियां उल्लेखनीय व उत्कृष्ट हैं। कई योजनाओं मेंग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रदेश को राष्ट्रीय पुरस्कार दिए गए हैं।कहा कि मुख्यमंत्री आवास योजना –ग्रामीण मेंपहले दिव्यांगजन प्राथमिकता श्रेणी में नहीं थे, उप मुख्यमंत्री की पहल पर और उनके सार्थक प्रयासो से दिव्यांगजनो को प्राथमिकता की श्रेणी में जोड़ा गया, जिससे दिव्यांगजनो को इस योजना का भरपूर लाभ मिल रहा है। ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने कहा कि रोटी ,कपड़ा और मकान की मूलभूत आवश्यकताओं में गरीबों को उनका पक्का घर दिलाने के लिए उप मुख्यमंत्री के विशेष प्रयासों से गत वर्ष प्रधानमंत्री आवास योजना –ग्रामीण में लगभग 8.5लाख आवास उत्तर प्रदेश को भारत सरकार से मिले और इस वर्ष भी 1.44लाख आवास प्राप्त हुये, जिन्हें स्वीकृत कर दिया गया है। बताया कि आवास योजना के लगभग सभी लाभार्थियों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा गया है । दिव्यांग लाभार्थियों को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से समन्वय कर मोटरराइज ट्राई साइकिल दिलाने के लिए प्रयास किया जायेगा। सभी लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड भी उपलब्ध करवाया जायेगा।कहा कि उत्तर प्रदेश आवास प्लस से लक्ष्य प्राप्त करने वाला देश का पहला राज्य है।

इस अवसर पर आवास योजना से सम्बंधित लघु फिल्म भी दिखाई गयी।

इस अवसर पर ग्राम्य विकास विभाग के उपायुक्त अखिलेश सिंह, राघवेन्द्र सिंह, कमलेश सोनी सहित अन्य उच्चाधिकारी, विभिन्न जिलोंसे आये लाभार्थी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पुरानी रंजिश के चलते बिजनौर में हुई गोलीकांड में फरार तीन आरोपी गिरफ्तार

## हमलावरों के कब्जे से पुलिस टीम को दो अवैध देशी तमंचा,जिन्दा कारतूस एक अवैध देशी पिस्टल एवं जिन्दा कारतूस बरामद।

(अमित कुमार श्रीवास्तव)

खबर दृष्टिकोण सरोजनीनगर। बिजनौर थाना क्षेत्र में बीते आठ सितम्बर को मुकदमे में सेटलमेंट करने पहुंचे हमलावरों ने पुरानी रंजिश के चलते समझौते के दौरान हत्या के इरादे से अपने दुश्मनोंपर ताबड़तोड़ फायरिंग कर लहूलुहान कर फरार हो गए थे इस घटना से हडकंप मच गया था पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करा घायल की शिकायत पर तीन नामजद दो अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही थी। इस मामले में एक नामजद आरोपी को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। नामजद आरोपी प्रापर्टी डीलर समेत दोअज्ञात को पुलिस टीम ने मंगलवार को गिरफ्तार इस घटना का खुलासा किया है। हमलावरोंके पास से पुलिस टीम को दो अवैध देशी तमंचा,जिन्दा कारतूस एक अवैध देशी पिस्टल एवं जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी विनीत जयसवाल ने इस गोलीकांड का खुलासा करते हुए बताया कि बिजनौर थाना क्षेत्र के मुलाही खेड़ा नटकुर में पुरानी रंजिश को लेकर बीते 8 सितम्बर की शाम हमलावरोंसुमित यादव ने अपने साथियों संग मनोज कुमार यादव पुत्र मथुरा प्रसाद निवासी न्यू नटकुर थाना बिजनौर के मकान पर कुंदन सिंह यादव पुत्र रामभरोसे निवासी अनूपखेड़ा माती थाना बिजनौर एवं मनोज कुमार यादव को जान से मारने की नियत कई राउंड फायरिंग किये थे इस फायरिंग में कुंदन व मनोज गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे हमलावर मौके से फरार हो गए थे। कुंदन की शिकायत पर सुमित यादव पुत्र भगवानदीन निवासी लालबाग थाना दुबग्गा,विनोद यादव पुत्र प्रभु निवासी सरवन नगर थाना बिजनौर, विश्वम्भर दयाल यादव पुत्र स्व महावीर निवासी ग्राम बलवन्त खेड़ा माती थाना बिजनौर लखनऊ एवं दो अज्ञात साथियों के खिलाफ जानलेवा हमला एवं अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तलाश में पुलिस टीमे लगाईं गई थी जिसमे विश्वम्भर को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चूका था अन्य हमलावरों की गिरफ्तारी के टीमे दबिश दे रही थी वहीँ पुलिस टीम द्वारा मंगलवार को मोहान आगरा एक्सप्रेस वे अंडरपास के नीचे से हमले में शामिल प्रापर्टी डीलर सुमित यादव समेत उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया गया है जिनके कब्जे से पुलिस टीम को दो अवैध देशी तमंचा,जिन्दा कारतूस एक अवैध देशी पिस्टल एवं जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है। गिरफ्त मेंआये दोनों युवको ने अपना परिचय कपिल यादव पुत्र अमर सिंह यादव निवासी लालनगर हरदोइया थाना काकोरी एवं रमेश कश्यप पुत्र उमाशंकर निवासी आजाद नगर चिल्लावां थाना सरोजनीनगर बताया है। गिरफ्त में आये तीनो हमलावरों के खिलाफ दर्ज मुकदमे में आर्म्स एक्ट धारा की बढ़ोत्तरी कर जेल भेज अन्य फरार चल रहे हमलावर आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमे दबिश दे रही है।



# सचिवालय में नौकरी दिलाने के बहाने युवती का बैंक लोन करा जालसाजो ने 8 लाख रूपये हड़पे

खबर दृष्टिकोण

आलमबाग। आशियाना थाना क्षेत्र में रहने वाले एक जालसाज ने अपने साथी संग मिलकर एक युवती को अपने झांसे में ले सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर बैंक लोन करा युवती से आठ लाख रूपये ठग लिए और नौकरी भी नहीं मिली पैसा वापस मांगने पर गाली गलौज एवं धमकी भी देने लगे। जिसपर युवती ने एसीपी कैंट से शिकायत की है। एसीपी के निर्देश पर आशियाना पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई में जुटी है। पारा क्षेत्र के सरोसा भरोसा में रहने वाली पीडिता प्रीति सक्सेना पुत्री स्व अरविन्द कुमार सक्सेना के मुताबिक वह वर्ष 2021 में सेफ शॉप में नौकरी करती थी और पार्ट टाइम नौकरी की तलाश कर रही थी इस बीच उसके पास एक नंबर से काल आया कालर ने अपना नाम अनुज श्रीवास्तव बताया और कहा कि आप पार्ट टाइम जाब क्यों तलाश कर रही है आपको पूर्णकालिक नौकरी मील सकता है। अपने दस्तावेज एवं सीवी को लेकर बस स्टैंड मिलने को कहा। पीडिता के मुताबिक उसे नौकरी की बहुत जरूरत थी इसलिय कालर के बातो में आकर मुलाकात करने पहुँच गई जहाँ कालर से काफी देर तक वार्ता हुआ फिर कालर उसे तुलसी के पीछे स्थित अपने ऑफिस अंसल सिटी में बुलाया जहाँ पीडिता मुलाकात करने पहुंची तो वहां उसका मुलाकात सेक्टर ओ थाना बिजनौर निवासी आनद मिश्र से परिचय कराया गया। बातचीत के दौरान आनंद ने सचिवालय अपनी अच्छी पकड़ बताते हुए समीक्षा अधिकारी पद पर नियुक्ति कराने की बात कह 8 लाख रुपये की बात कहा गया युवती ने इतने पैसे देने में असमर्थता जताया तो आरोपी युवको ने युवती से उसका आधार कार्ड पैन कार्ड एवं हस्ताक्षर किया हुआ छ सादे चेके ले लिए और कहा कि आपके पैसो का इंतजाम हो जाएगा। आरोप है कि आरोपियों ने उसके दस्तावेजो के द्वारा आशियाना के खजाना मार्केट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा से उसका लोन पास करा दिया और उसे जानकारी दे बुलाकर बैंक से तीन लाख रूपये ट्रांसफर करा लिए और पांच लाख रूपये नगद ले लिए। पैसा लेने के बाद उक्त उसे नौकरी नहीं दिला सके और उसके लोन के पैसो को हड़प लिया। नौकरी न मिल पाने पर जब पीडिता ने अपने पैसे वापस मांगे तो वह लोग टरकाने लगे और अब उसका फोन भी उठाना बंद कर दिया है एक बार आनद ने फोन उठाकर उसे गालियाँ देते पैसा भूल जाने की धमकी दिया था। पीडिता ने एसीपी कैंट को मामले की जानकारी दे मदद की गुहार लगाई है। एसीपी के निर्देश पर आशियाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच में जुटी है।

# जीआरपी हरदोई ने मात्र 24 घंटे में अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर मासूम को किया बरामद

खबर दृष्टिकोण

लखनऊ। हरदोई जनपद रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म से 24 घंटा पूर्व दो युवको द्वारा मासूम को लालच दे बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में तलाश में जुटी जीआरपी पुलिस टीम ने मात्र 24 घंटे में अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर पांच वर्षीय मासूम को सकुशल बरामद कर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाई की है। हरदोई जीआरपी प्रभारी राम सहाय सिंह ने बताया कि रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म संख्या दो से एक पांच वर्षीय मासूम को अपहरणकर्ताओं ने खाने पिने का सामान दिलाने के बहाने मासूम को बहला फुसला कर अपने साथ ले गए और अपहरण कर लिया जिसका मुकदमा जीआरपी थाने पर दर्ज कर मासूम की तलाश में टीम लगायी गयी थी। पुलिस के सूझबूझ एवं सक्रिय प्रयास से मात्र 24 घंटे में मासूम को बरामद कर दो अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। मासूम को उसके परिजनों के सुपुर्द कर अपहरणकर्ताओं के खिलाफ कार्यवाई कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस को अपहरणकर्ताओं ने अपना नाम पता संदीप कुमार पुत्र नन्दराम निवासी ग्राम परसापुर थाना सान्डी जिला हरदोई एवं अमर सिंह पुत्र कन्हई निवासी सूरापुर थाना सुरसा जिला हरदोई बताया है।




# आर्मी ऑफिसर के बंगले से चोरी करने वाला दो शातिर चोर गिरफ्तार।

## शातिर के कब्जे से चोरी का 20 टोंटी व 03 अदद हेल्थ फासेट व घटना में उपयोग मोटरसाईकिल बरामद

खबर दृष्टिकोण

लखनऊ। कैंट पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को आर्मी अफसर के बंगले में चोरी करने वाले दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। शातिरों के कब्जे से पुलिस को चोरी के 20 टोंटी व 03 अदद हेल्थ फासेट व घटना में उपयोग मोटरसाईकिल बरामद हुआ है। दोनों चोरो के खिलाफ पुलिस ने चोरी की धाराओं में कार्यवाई कर जेल भेज दिया है। पुलिस की पूछताछ में शातिरों ने अपना परिचय हनी सिंह पुत्र कालिका सिंह निवासी रेलवे कालोनी निकट सोमनाथ द्वार थाना गौतमपल्ली जनपद लखनऊ एवं विनय कुमार शर्मा पुत्र बब्लू कुमार निवासी नई बस्ती निलमथा थाना कैण्ट के रूप में दिया है। दोनों शातिरों के खिलाफ चोरी की धाराओं में कार्यवाई कर जेल भेज दिया गया है।

## खबर एक नजर में

### बैंककर्मी के सेलरी खाते से जालसाजो ने लिंक एप भेज एक लाख 99 हजार रूपये उडाये

खबर दृष्टिकोण

लखनऊ। साइबर जालसाजो ने प्वाइंट रेंडम करने के नाम पर लिंक भेज एप डाऊनलोड कर एक बैंककर्मी के खाते की जानकारी हासिल कर खाते से कई बार में एक लाख 99 हजार रूपये ट्रांसफर कर लिए। जिसका लगातार मैसेज आने पर पीड़ित बैंककर्मी ने अपना खाता बंद करवा साइबर सेल में शिकायत दर्ज करा स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज कराया है।सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के अर्जुनगंज सरसंवा निवासी राजेश मौर्या पुत्र हरी प्रसाद मौर्या के मुताबिक वह एचडीएफसी बैंक हजरतगंज शाखा में कार्यरत है बीते माह 10 अगस्त की शाम वह बैंक में अपना काम कर रहे थे इसी दौरान उनके मोबाईल फोन पर प्वाइंट रेंडम करने के लिए लिंक का एक मैसेज प्राप्त हुआ जैसे उन्होंने डाऊनलोड कर एचडीएफसी केवाईसी पैन में अपनी जानकारी डाली उसके चंद ही सेकेंडो में उसके सेलरी खाते से लगातार रूपये निकलने का मैसेज आने लगा और कुल एक लाख 99 हजार 979 रूपये निकल गए। जिसपर उन्होंने तो तुरंत कस्टमर केयर पर फोन कर अपना सेलरी खाता बंद करवा साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराया है जिसके पश्चात् अपने स्थानीय थाना सुशांत गोल्फ सिटी थाने पर शिकायत की है। पुलिस ने पीड़ित बैंककर्मी की शिकायत पर धोखाधड़ी एवं आईटी की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### आस्था सिंह और आर्य सिंह ने जीता स्ट्रांग वूमेन ऑफ इंडिया का खिताब,

खबर कृष्टिकोण

लखनऊ। दिनांक 09 से 12 सितंबर 23 तक आयोजित सीनियर नेशनल पावर लिफ्टिंग चौंपियनशिप का आयोजन टाटानगर जमशेदपुर में किया गया जिस प्रतियोगिता में लखनऊ की आस्था सिंह ने सीनियर स्ट्रांग वुमेन अश्वफ इंडिया और आर्य सिंह सीनियर स्ट्रांग मैन का खिताब जीतकर लखनऊ का नाम रोशन कर दिया इस प्रतियोगिता में लखनऊ के खिलाड़ियों ने पदक प्रात किए स्वर्णपदक रूआस्था सिंह्य आर्य सिंह कांस्य पदक रू मुकुल कनोजिया और सविता सिंह लखनऊ पहुंचने पर लखनऊ पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन अध्यक्ष इंद्रभान सिंह और संगठन के पदाधिकारी द्वारा खिलाडियों का स्वागत भोले शंकर व्यायाम शाला राजाजीपुरम में रविवार को किया गया।




### चोरी के दो मोबाईल फोन संग शातिर चोर गिरफ्तार

खबर दृष्टिकोण

लखनऊ। अयोध्या कैंट जीआरपी पुलिस टीम द्वारा मंगलवार को स्टेशन परिक्षेत्र से चोरी के दो मोबाईल फोन संग एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ चोरी की धाराओं में कार्यवाई कर जेल भेज दिया गया है। अयोध्या कैंट जीआरपी प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार राय ने बताया कि जीआरपी टीम द्वारा मंगलवार को रेलवे स्टेशन के प्लेटफश्र्म संख्या 4-5 पर चलाये जा रहे चेकिंग अभियान दौरान एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से तलाशी दौरान दो मोबाईल फोन बरामद हुआ है जोकि यात्रियों से चुराए गए थे। पूछताछ में शातिर ने अपना परिचय सोनू कुमार पुत्र रामचरन उर्फ महेश लोना निवासी ठोठिया पो0 दामा थाना मेहनगर जनपद आजमगढ़ बताया है। गिरफ्त में आये शातिर के खिलाफ चोरी की धाराओं में कार्यवाई कर जेल भेज दिया गया है।



### राजकीय आईटीआई लखनऊ में 21 सितम्बर 2023 को रोजगार दिवस का आयोजन

खबर दृष्टिकोण

लखनऊ। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में 21 सितम्बर 2023 को रोजगार दिवस के आयोजन में 18 कम्पनियो द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर एम. ए. खाँ ने बताया कि 18 कम्पनियों में जिन अभ्यर्थी की आयुसीमा 18 से 30 वर्ष तक तथा हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक, बीटेक या बीबीए, बीसीए, एमबीए उत्तीर्ण किया हो, वे रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के पात्र होंगे। अभ्यर्थी को वेतन 8,000 से 40,000 रूपये माह एवं अन्य सुविधाएं कम्पनी द्वारा दिया जायेगा। मेले में पुरूष व महिला दोनों अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। कम्पनी द्वारा कुल 1200 पदों पर चयन किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने बायोडाटा के साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों को संलग्न करते हुए प्रातः 10 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ परिसर में उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त कर सकते है। रोजगार मेले में आने वाली कंपनियों में 1076 सीएम हेल्पलाइन सेंटर, लखनऊ, एसएमपीपी प्रा. लि., दिल्ली एनसीआर, एमएमटीसी-पीएएमपी इंडिया प्रा. लि., गुड़गांव, जय भारत मारुति लि., अहमदाबाद टाटा मोटर्स लि., पंत नगर बजाज मोटर्स लि., मानेसर गुरूग्राम ईस्ट इंडिया टेक्नोलश्वजी प्रा. लि., नोएडा रेडिएंट पश्वलिमर्स प्रा. लि., अहमदाबाद, गुजरात, सम्वर्धन मथरसन अश्वटो कंपोनेंट्स, बावल हरियाणा, गुडविल हेल्थ केयर, दिल्ली, श्रीराम जीवन बीमा, आल यूपी स्टाफएव टेक्नोलश्वजी प्रा. लि., लखनऊ, अमेजन प्रा. लि., अहमदाबाद, गुजरात, डिक्सन टेक्नोलॉजीज इंडिया प्रा. लि., नोएडा, न्यू एलेन बेरी प्रा. लि., फरीदाबाद, हरियाणा, मिकी फोन प्रा. लि., ग्रेटर नोएडा, एक्सपर्ट आईटी एकेडमी, लखनऊ और गोयल किचन इक्विपमेंट्स, लखनऊ है।

### दो थाना क्षेत्रो में बंद घरो के ताले टूटे , कीमती आभूषण समेत अन्य सामान चोरी

खबर दृष्टिकोण

लखनऊ। लखनऊ शहर बेखौफ घुमन्तु चोरो ने दोनों बंद घरो की रेकी कर मकान का ताला तोड़ मकान में घुस कीमती आभूषण समेत अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। परिजनों को घर में चोरी की जानकारी होने पर स्थानीय थाने पर पुलिस से शिकायत की है। शिकायत पर पुलिस चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चोरो की तलाश में जुटी है। लखनऊ के विकास नगर थाना क्षेत्र के मकान संख्या ए 40 कमलानेहरू कालोनी में रहने वाले नविन प्रकाश के मुताबिक वह बीते 13 सितम्बर को अपने परिवार संग घर पर ताला बंद कर तीर्थ करने जनपद वाराणसी गए थे तीन दिनों के पश्चात जब सुबह समय अपने घर वापस लौटे तो घर के अन्दर जाकर देखा कि अलमारी का लश्वक टूटा पड़ा है और घर का सारा सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ है। किसी अज्ञात चोर द्वारा घर का लश्वक तोड़कर घर से कीमती जेवरात व नगदी व आधार कार्ड व अन्य जरूरी कागजात चोरी कर लिया गया है। उधर सरोजनीनगर के सैनिक हाऊसिंग सोसायटी मकान संख्या बी 7८ ए निवासी पूनम वर्मा पत्नी रामराज वर्मा के मुताबिक उनके दामाद वर्तमान समय में जनपद मेरठ में सपरिवार रहते हैं उनके घर उपरोक्त की देखभाल वो करती है। सोमवार सुबह समय जब अपने दामाद के घर गई तो देखा कि घर की ताला टूटा पड़ा है और घर में चोरी हो गई है। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था जब घर के अन्दर जाकर देखा तो घर आलमारी से कीमती जेवरात व अन्य कीमती सामान चोरी हो गया था। घर में चोरी की जानकारी होने पर पीड़ितों ने अपने अपने थानों पर चोरी की शिकायत की है। पुलिस ने शिकायत पर चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर चोरो की तलाश में जुटी है।

### पत्नी से विवाद के बाद घर से निकले पति का पेड़ से लटका मिला शव

खबर दृष्टिकोण

लखनऊ। पीजीआई थाना क्षेत्र में रहने वाला एक नशेड़ी पति अपनी पत्नी से झगड़ा कर गुस्से में घर से निकल गया। पत्नी एवं परिवारीजन रात भर युवक को ढूढते रहे मंगलवार सुबह युवक का शव घर से कुछ दुरी पर पेड़ से लटका हुआ मिला जिसे देख हड़कंप मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस मृत अवस्था में युवक शव फंदे से उतार कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीजीआई थाना प्रभारी राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के खेतापुर में मंगलवार सुबह चिलबिल के पेड़ से दुपट्टे के सहारे एक युवक का शव लटका हुआ मिला है। मृतक के परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक सनी पाल (36) मूलरूप से ग्राम नेहला पोस्ट सनिचरा थाना घनघटा जनपद संतकबीरनगर का रहने वाला है जोकि वर्तमान में अपनी पत्नी लक्ष्मी के साथ ग्राम खेतापुर शकुरपुर थाना पीजीआई लखनऊ में रहकर मजदूरी करता था। मृतक के पत्नी के मुताबिक रात्रि में उसके पति ने शराब के नशे में उससे काफी लड़ाई झगड़ा किये थे जिसके बाद करीब 3रू00 बजे गुस्से में आकर घर से निकल गए थे। वह अपने भाई दिलीप एवं अन्य लोगो के साथ अपने पति की तलाश कर रही थी कि सुबह उजाला होते ही उसके पति घर से मात्र दो सौ मीटर दुरी पर चिलबिल के पेड़ से दुपट्टे के सहारे फंदे से लटके हुए दिखाई पड़े।

### साइबर फ्रॉड की रोकथाम के लिए परिवहन निगम में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का होगा आयोजन

खबर दृष्टिकोण

लखनऊ। साइबर फ्रॉड की बढ़ती घटनाओ को लेकर चिंतित परिवहन विभाग साइबर सेक्योरिटी विषय पर 21 व 22 सितम्बर को प्रातः 11रू00 बजे दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सभागार में करेगी। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बस टिकटिंग प्रणाली के अंतर्गत समस्त आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर एप्लीकेशन, अश्वनलाइन पोर्टल आदि के सम्बंध में यूपी डेस्को की कार्यदायी संस्था इनोवाडेर इंफोटेक प्रा ली द्वारा समस्त अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिसमे साइबर फ्रश्वड से बचने एवं उसके सिक्योरिटी सिस्टम के लिए बेहतर विषय में जानकारी दिया जायेगा।

# दिखावा साबित हो रहा है लाखों से निर्मित नेवलपुर का सामुदायिक सुलभ शौचालय

संवाददाता गंगाचरण
खबर दृष्टिकोण
बाराबंकी। त्रिवेदीगंज बाराबंकी ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत नेवलपुर ग्राम में शौचालय निर्मित है जिसमें बिजली न होने के कारण ग्राम वासी शौचालय का लाभ नहीं ले पा रहे हैं जहां प्रशासन ने जनता को खुशहाल रखने हेतु तथा स्वच्छता बनाए रखने हेतु प्रदेश की ग्राम पंचायत में शौचालय का प्रावधान किया और सुचारू रूप से प्रत्येक ग्राम पंचायत में शौचालय निर्मित करवाया लेकिन वही ग्राम पंचायत अधिकारियों के लापरवाही के चलते अभी तक शौचालय में बिजली नहीं पहुंच पाई है इसमें तैनात केयरटेकर भी सुचारू रूप से शौचालय नहीं आता है ग्रामीण राम अवध काशी प्रसाद राकेश कुमार राम सुचित रामकुमार आदि ग्राम वासियों सहित ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस सुशील कुमार वर्मा ने बताया कि ब्लॉक में वीडियो को इस संबंध में अवगत भी कराया गया था ग्राम के किनारे तक खंबे लगे हैं इसके पश्चात खंभे ना होने के कारण तीन लकड़ी की बल्ली लगाई गई थी जिसमें बरसात होने के चलते सड़ कर गिर चुकी हैं बगल में अशोक कुमार कृषक ने बताया कि कई बार बिजली का तार खेत में गिरने के चलते करंट भी फैला था इस घटना को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया भी गया लेकिन अभी तक कोई प्रभाव नहीं पड़ा ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार से फोन पर वार्ता की गई प्रधान ने बताया की बिजली के पोल का प्रस्ताव हो चुका है शीघ्र ही ग्राम की जनता इस समस्या से निजात पा सकेगी



## रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल में शार्ट सर्किट होने से लगी आग

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ के राजाजीपुरम के ए ब्लॉक स्थित रानी लक्ष्मीबाई संयुक्त चिकित्सालय में मंगलवार को दोपहर 11 बजे एसी में शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। जिससे अस्पताल में अफरातफरी मच गई। दमकल के पहुंचने पर आग पर काबू पाया जा सका। अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड कमरा नम्बर 3 में डॉ केपी सिंह ड्यूटी पर थे। कमरे में एसी चल रहा था। अचानक एसी से बाहर की तरफ धुआं और आग की लपटें निकलने लगीं और अस्पताल परिसर में धुआं भरने लगा। आग की खबर फैलते ही अस्पताल में हड़कंप मच गया। कर्मचारियों ने अग्निशमन उपकरणों से आग बुझाना शुरू कर दिया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। थोड़ी देर बाद दमकल के पहुंचते ही आग पर काबू पा लिया गया।

# दहिला बड़वल मार्ग पर इंटरलॉकिंग कार्य से क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर

संवाददाता गंगाचरण।
खबर दृष्टिकोण बाराबंकी।
त्रिवेदीगंज बाराबंकी दहिला बड़वल मार्ग पर हो रहे साइड इंटरलॉकिंग कार्य के चलते जहां जनता को आवागमन करने में कॉफी मुसीबत झेलनी पड़ती थी वही मार्ग पर साइड इंटरलॉकिंग कार्य हो जाने के चलते क्षेत्र वासियो में खुशी की लहर है तथा अभी तक जहां चार पहिया दो पहिया वाहनों को काफी मुसीबत का सामना करना पड़ता था वही साइड इंटरलॉकिंग का कार्य तीव्र गति से प्रारंभ होने के चलते क्षेत्र में खुशी की लहर है यह मार्ग सैकड़ो ग्रामों को सुल्तानपुर रोड तक जोड़ने का क्षेत्र का इकलौता मार्ग है इस रोड पर कई विद्यालय एवं स्वास्थ्य केंद्र तथा प्रसिद्ध पौराणिक स्थल जोगनी तालाब सोमेश्वर मंदिर भी स्थित है साइड इंटरलॉकिंग का कार्य देख रहे ठेकेदार राणा ने बताया कि प्रशासन के निर्देशानुसार अनवरत कार्य हो रहा है शीघ्र ही साइड इंटरलॉकिंग का कार्य पूरा हो जाएगा वही हसनपुर प्रधान ने बड़वल मार्ग से पूरे देवीदास ग्राम तक मार्ग लगभग 3 किलोमीटर जो की काफी जर्जर है जिस पर राहगीरों को आवा गमन करने में काफी मुशीबते झेलनी पड़ती है जगह–जगह बड़े–बड़े गड्ढे हो गए हैं जो कभी भी किसी भारी घटना को अंजाम दे सकते हैं प्रधान ने संबंधित विभाग को शिकायती पत्र प्रेषित किया है



# तेज बुखार से पीड़ित सात मरीजो की बिगड़ी तबीयत,सीएचसी में हुये भर्ती

### मोहनलालगंज के सिसेण्डी में रहस्यमयी तेज बुखार का कहर थमने का नही ले रहा नाम,एसीएमओ व डिप्टी सीएमओ पहुंचे गांव,जाना मरीजो का हाल

### डिप्टी सीएमओ ने स्वास्थ कर्मियो की टीम के साथ रात्रि में कैम्प कर बनाये रखी मरीजो पर नजर

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज के सिसेण्डी गांव में रहस्यमयी तेज बुखार का कहर थमने का नाम नही ले रहे,सात बुखार पीड़ित मरीजो की तबीयत बिगड़ने पर सोमवार की देर रात्रि एम्बुलेंस से सीएचसी लाकर वार्डो में भर्ती कर इलाज शुरू किया गया ।सीएमओ डा०मनोज अग्रवाल के निर्देश पर मगंलवार को एसीएमओ डा०एपी मिश्रा ने सिसेण्डी गांव पहुंचकर बुखार पीड़ित मरीजो का हाल जानने के साथ अधीक्षक डा० अशोक कुमार व स्वास्थकर्मियों के साथ पीएचसी में मौजूद रहकर मरीजो पर नजर बनाये रखी ।इस दौरान पीएचसी में 35 मरीज देखे गये,10 मरीजो में बुखार की पुष्टि के बाद डेंगू व मलेरिया का रैपिड टेस्ट किया गया लेकिन रिपोट निगेटिव आयी,जिसके बाद मरीजो को परामर्श के साथ दवाये देकर घर भेज दिया गया ।सीएमओ ने रात्रि में बुखार पीड़ित मरीजो पर नजर बनाये रखने के लिये डिप्टी सीएमओ डा०निशान्त निर्वान को कैम्प करने के निर्देश दिये,जिसके बाद डिप्टी सीएमओ डा० निशान्त निर्वान ने गांव पहुंचकर रात्रि में कैम्प कर बुखार पीड़ित मरीजो के घर पहुंचकर उनका हाल जाघ्नकर परामर्श देने के साथ दवाये वितरित की ।डिप्टी सीएमओ पूरी रात्रि पीएचसी में स्वास्थकर्मियो की टीम व एक एम्बुलेंस के साथ मौजूद रहकर मरीजो पर नजर बनाये रखी ।सीएचसी अधीक्षक डा०अशोक ने बताया बुखार पीड़ित राम प्रजापति,आशी दीक्षित,शिवम दीक्षित,अनीत दीक्षित,कपूर दीक्षित,प्राची दीक्षित,श्याम प्रकाश दीक्षित की तबीयत बिगड़ने पर सीएचसी में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है सभी के स्वास्थ में सुधार हो रहा है।



# रेलवे कालोनी वासियों का झलका दर्दः रेलवे जैसा सस्ता व बेहतर सुविधा अब कहा मिलेगा

खबर दृष्टिकोण
आलमबाग। आलमबाग आनंद नगर फतेहअली कालोनी में जिम्मेदारो एवं रेलवे सुरक्षा बल द्वारा व्याप्त भ्रष्टाचार का खुलासा इस दर्दनाक हादसे के बाद सामने आ रहा है कि किस तरह से लम्बे समय से कालोनी में लोगो को अवैध रूप से रहने के लिए सुविधाए प्रदान किया जा रहा था जिसे छोड़ कर जाना अब लोगो को भारी लग रहा है। इस कालोनी में 30–40 वर्षो से रह रहे लोगो से इस हादसे ने अचानक अपना छत छीन गया नहीं तो इस कालोनी में रहने वाले इन मकानों को अपना ही समझ बैठे थे और पुस्त दर पुस्त का हिसाब बना चुके थे। कम दर में बेहतर सुविधा अब इन लोगो को भारी लग रहा है। वैसे तो इस कालोनी से कई सारे परिवार पलायन कर चुके है कुछ लोग अपने रिश्तेदारों के यहाँ शरण लिए तो जिनके पास कोई दूसरा ठिकाना नहीं था इस सुविधा जनक कालोनी को छोड़ने के बाद अपने अपने गाँव लौटने को मजबूर हो गए। अभी कई परिवार इस पसरा हुए सन्नाटे में रह रहे है उन्हें उम्मीद है कि कोई आएगा और उनके लिए दूसरा ठिकाना व्यवस्था कराएगा पर ऐसे लोगो की कोई सुध नहीं ले रहा है। मंगलवार को कालोनी में बचे हुए लोगो से बात हुआ तो लोगो का दर्द झलक उठा और कहने को मजबूर हो गए कि इतने वर्षो से जो सस्ते में सुविधा इस कालोनी में मिल रहा था अब ऐसी सस्ती सुविधा कहाँ मिलेगा। लखनऊ में तो किराये के कमरे भी बहुत महंगे है इस कालोनी में उन्हें रेलवे की ओर से मिलने वाली सारी सुविधा सस्ते में मिल रही थी।



## मायावती व अखिलेश यादव ने किया समर्थन पर रख दी एक शर्त

लखनऊ (संवाददाता)। बसपा सुप्रीमो मायावती व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संसद में महिला आरक्षण को लेकर पेश किए गए बिल का समर्थन किया है पर एक शर्त रख दी है। मायावती ने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं को लोकसभा व राज्य विधानसभा में 33 प्रतिशत सीटों पर आरक्षण देने के लिए संसद में बिल लाने जा रही है। हम इसका समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की संख्या देखते हुए आरक्षण का प्रतिशत अगर 33 की जगह 50 होता तो भी हम इसका समर्थन करते। उम्मीद है कि संसद में इस पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि इसके तहत अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए अलग से कोटा लागू करने की मांग बसपा करती है। संसद से इस बिल के पास होने के बाद लोकसभा व राज्य की विधानसभाओं में महिला सदस्यों के लिए 33 फीसदी सीटें आरक्षित हो जाएंगी।

# स्वच्छता पखवाड़ा के तहत रेलवे लाइनों का किया गया सफाई

खबर दृष्टिकोण
लखनऊ। सम्पूर्ण भारतीय रेल पर 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक 'स्वच्छता पखवाड़ा'–2023 मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मण्डल रेल के छोटे–बड़े स्टेशनों गोरखपुर जं0, लखनऊ जं0, बस्ती, गोण्डा जं0, बादशाहनगर, खलीलाबाद, मनकापुर जं0, ऐशबाग जं0, गोमतीनगर, डालीगंज जं0, लखनऊ सिटी, सीतापुर जं0, बहराइच जं0, बढ़नी तथा नौतनवॉ आदि पर गहन साफ–सफाई हेतु 'स्वच्छ स्टेशन दिवस' का आयोजन किया गया ।स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान यात्रियों एवं कर्मचारियों को 'प्रभात फेरी' व स्वच्छता जागरुकता पर आधारित 'नुक्कड़ नाटक' ,बैनर, पोस्टर तथा स्लोगन व सोशल मीडिया के माध्यम से साफ–सफाई के महत्व एवं होने वाली संक्रामक बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है ।इस दौरान विशेष रूप से 'मेरी सीट मेरा डिब्बा' थीम पर रेल यात्रियों को रेल यात्रा के दौरान स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिसमें उन्हे यात्रा के दौरान अपने कोच, बायोटायलेट, वाशबेसिन आदि के प्रयोग में बरती जाने वाली सावधानियों तथा सुरक्षित एवं संरक्षित रेल यात्रा हेतु जागरूक किया जा रहा है। यात्रा के दौरान ज्वलनशील पदार्थो को न ले जाने के लिए, ट्रेनों की छत व पायदानों पर यात्रा न करने के लिए एवं यात्रा के दौरान रेडियो/मोबाइल आदि पर तेज आवाज में स्पीकर न बजाने की हिदायत दी जा रही है। यात्रियों को 'प्लास्टिक का थैला' प्रयोग नही करने एवं उसके स्थान पर कपड़े के थैले का प्रयोग करने हेतु बताया गया तथा 'कपड़े के थैले' का वितरण किया गया। जन मानस को जागृत करते हुए प्लास्टिक के बढ़ते दुष्प्रभाव के बारे मे बताया गया ।सभी स्टेशनों पर पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम द्वारा 'स्वच्छ स्टेशन दिवस' के अवसर पर जागरूकता सन्देशों की लगातार उद्घोषणा भी की जा रही है। रेलवे कर्मचारी एवं यात्रीगण, रेल परिसर को स्वच्छ रखने में रेलवे प्रशासन को अपना सहयोग प्रदान करें। "स्वच्छता पखवाड़ा" के अन्तर्गत कल दिनांक 20 सितम्बर को "स्वच्छ रेलगाड़ी" दिवस के रूप में मनाया जायेगा।



# मां की पुण्यतिथि पर सचिव ने दो व्हील चेयर खरीदकर सीएचसी को दान

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कस्बा निवासी ग्राम पंचायत अधिकारी साधना रावत ने मगंलवार को अपनी मां तारा देवी की पुण्यतिथि पर दो व्हीलचेयर खरीदकर सीएचसी मोहनलालगंज को जनकल्याण के लिये दान की ।जिससे अस्पताल में आने वाले मरीजो को दिक्कतो से बचाया जा सके जो किसी तरह से चल नही सकते है।ग्राम विकास अधिकारी साधना रावत ने बताया पुण्यतिथि पर अपनी मां की याद में अपने पिता ओम प्रकाश रावत व परिजनो के साथ मोहनलालगंज सीएचसी पहुंचकर अधीक्षक डा०अशोक कुमार को मरीजो की सहायता के लिये खरीदी गयी दो व्हीलचेयर उन्हे सौपी ।सीएचसी अधीक्षक डा०अशोक कुमार ने व्हील चेयर दान को अच्छा कार्य बताते हुये ग्राम विकास अधिकारी साधना रावत समेत उनके परिवार को धन्यवाद दिया।



## डीटीयू में बेटे के दाखिले के नाम पर सैन्यकर्मी से ९.८१ लाख की ठगी

लखनऊ (संवाददाता)। पीजीआई इलाके में रहने वाले सैन्यकर्मी संदीप कुमार सिंह के बेटे को दिल्ली टेक्निकल विवि (डीटीयू) में दाखिला दिलाने के नाम पर ठग ऋषि भारद्वाज ने 9.81 लाख रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित ने रविवार को पीजीआई थाने में केस दर्ज कराया है। वृंदावन आवास विकास योजना स्थित बहादुर विहार में सैन्यकर्मी संदीप कुमार सिंह परिवार संग रहते हैं। उनके मुताबिक, मई में उनकी ऋषि भारद्वाज नाम से सोशल मीडिया के जरिये जान–पहचान हुई थी। बातचीत के दौरान ऋषि ने संदीप के बेटा का डीटीयू में इंजीनियरिंग में दाखिला कराने की बात कही।


# प्रदेश सरकार की मंशा हर आवेदक को बिजली कनेक्शन देने की है

### किसी कारणवश कनेक्शन नहीं देने का निर्णय अधिशासी अभियंता का होगा– ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा

खबर दृष्टिकोण लखनऊ।
प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा के द्वारा विद्युत विभाग को कड़े निर्देश देने के बाद लोगों को अब विद्युत कनेक्शन लेना बिल्कुल आसान हो गया है। अब उपभोक्ताओ के लिए विभाग द्वारा एलटी नेटवर्क (440 अवसज–03 फेज तक) पर 50 ॉ/56 टट। भार तक का घरेलू या वाणिज्यिक संयोजन कनेक्शन लेने की प्रक्रिया बिल्कुल आसान बना दी गई है। ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने बताया कि यदि आवेदक का परिसर मेन एलटी लाइन के अंतिम पोल से 40 मीटर या उससे कम दूरी पर है तो आवेदक से कनेक्शन के लिए कोई धनराशि नहीं ली जायेगी। मीटर की कीमत आवेदक को देनी होगी। आर्मर्ड सर्विस केबल आवेदक स्वयं ला सकता है, अथवा विभाग द्वारा केबल लगाकर मीटर के साथ उसकी कधीमत भी अगले बिल में जोड़कर वसूल कर लिया जाएगा। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि यदि आवेदक का परिसर एलटी लाइन के अंतिम पोल से 40 मीटर से अधिक दूर है तो पोल से परिसर तक विद्युत तंत्र विकसित करने का खर्च आवेदक को देना होगा, जिसका प्राक्कलन उपलब्ध कराया जाएगा। स्पष्ट किया जाता है कि इसमें यदि विद्युत तंत्र (परिवर्तक इत्यादि) के उच्चीकरण या क्षमता वृद्धि का कार्य आवश्यक हो तो वह डिस्कॉम द्वारा ही वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्यू कनैक्शन के सम्बंध में यह भी स्पष्ट किया गया है कि आवेदक द्वारा प्राक्कलन की धनराशि जमा करने के बाद या औपचारिकताएँ पूर्ण होने के बाद संयोजन नहीं देने के लिए विद्युत कर्मी द्वारा कोई भी बहाने बाजी स्वीकार्य नहीं होगी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशानुसार हर आवेदक को बिजली कनेक्शन अवश्य दिया जाना है। किसी कारणवश कनेक्शन नहीं देने का निर्णय सिर्फ अधिशासी अभियंता के स्तर से ही होगा। ऊर्जा मंत्री ने लोगों से अपील की है कि वे विभाग के झटपट पोर्टल पर जाकर त्वरित बिजली कनेक्शन लें और विद्युत उपयोग के प्रति निश्चिंत रहकर राष्ट्रनिर्माण में योगदान दें। उपभोक्ता कनेक्शन के लिए ीजजचेरूध्ध्रीजचंज. नचचबस.वतह का प्रयोग करें।

# होनहार ने गांव का नाम किया रोशन





संवाददाता सुनील मणि
खबर दृष्टिकोण
लखनऊ। नगराम लखनऊ ,नगराम थाना क्षेत्र के अंतर्गत मितौली गांव के रहने वाले किसान व वर्तमान प्रधान विनोद कुमार वर्मा के सुपुत्र कमल सिंह पटेल ने गांव का नाम रोशन किया ।एसजीपीजीआई में नर्सिंग ऑफिसर की नियुक्ति प्राप्त कर क्षेत्र और परिवार वालों का नाम रोशन कर गौरव बढ़ाया । कमल सिंह पटेल के पिताजी का नाम विनोद कुमार पटेल है माता का नाम मनोरमा ,भाई नीरज पटेल और पंकज पटेल है ,कमल सिंह पटेल ने प्रारंभिक शिक्षा सी पी एल इंटर कॉलेज से प्राप्त की उसके बाद माध्यमिक शिक्षा लखनऊ पब्लिक इंटर कॉलेज सहारा स्टेट से प्राप्त की उच्च शिक्षा नर्सिंग की पढ़ाई डॉक्टर राम मनोहर लोहिया संस्थान विभूति खंड गोमती नगर से प्राप्त कर आज नियुक्ति एसजीपीजीआई में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर प्राप्त की और परिवार का नाम रोशन किया।

# राजस्व टीम को जांच में सरकारी जमीन पर नही मिला अवैध कब्जा,शिकायत निकली फर्जी

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के शेरपुर लवल गांव में आत्मदाह का प्रयास करने वाले युवक रामविनय सिहं ने हाइवे किनारे स्थित सरकारी जमीन पर राजेन्द्र सिहं निवासी करनपुर थाना निगोहां पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुये शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की थी. तहसील प्रशासन पर कोई कार्यवाही ना करने का आरोप लगाते हुये बीते रविवार की शाम शिकायकर्ता रामविनय ने अपने घर पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया था लेकिन परिजनो की सक्रियता से उसकी जान बच गयी थी ओर झुलसे रामविनय को इलाज के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया था ।एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य ने पूरे मामले को गम्भीरता से लेते हुये चकबंदी,राजस्व समेत पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर बीते सोमवार को जांच के लिये मौके पर भेजी थी,जांच के दौरान जिस सरकारी जमीन पर शिकायतकर्ता ने अवैध कब्जे का आरोप लगाया वो पुरी तरह खाली मिली,जिसके बाद चकबंदी व हल्का लेखपाल ने गांटा स०–851क दर्ज बंजर भूमि की प्रधान व पूर्व प्रधान समेत ग्रामीणो की मौजूदगी में पैमाईश कर प्रधान प्रतिनिधि के सुपुर्द किया ।एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य ने बताया शिकायतकर्ता राम विनय सिहं ने गांटा स०–851क जो कि सरकारी अभिलेखो में बंजर दर्ज है पर राजेन्द्र सिहं पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया था,राजस्व टीम की जांच में सरकारी जमीन पर किसी भी तरह का कोई कब्जा नही पाया,उक्त जमीन पर तीन पेड़ लगे हुये थे।जांच के बाद लिखापढी के बाद सरकारी जमीन को लि प्रधान के सुपुर्द कर दिया गया।

# भगत सिंह पर नयी सुनवाई, लाहौर हाई कोर्ट की नाइंसाफी!

**के. विक्रम राव**

**भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन ने भगत सिंह की सजा के मामले को फिर से खोलने की मांग की थी। हालांकि लाहौर हाई कोर्ट ने कहा कि याचिका बड़ी पीठ के गठन के लिए सुनवाई योग्य नहीं है। याचिकाकर्ता कुरैशी ने बताया कि वरिष्ठ वकीलों के एक पैनल, जिसका वह भी सदस्य है, उसने लाहौर हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। एक दशक से यह टाल रही है। साल 2013 में तत्कालीन जस्टिस शुजात अली खान ने एक बड़ी पीठ के गठन के लिए मामले को मुख्य न्यायाधीश के पास भेजा था। अब हाई कोर्ट ने बड़ी पीठ के गठन पर आपत्ति जता दी है। लाहौर हाई कोर्ट में कहा गया है कि भगत सिंह ने उपमहाद्वीप की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी।**

एकबार फिर पुष्टि हो गई कि ब्रिटिश साम्राज्यवादियों की अवैध औलाद है पाकिस्तान। उसके संस्थापक मियां मोहम्मद अली जिन्ना तो गोरे शासकों की कठपुतली रहे। मकसद स्पष्ट था- अखंड भारत को विभाजित कर उसे कमजोर करना। वर्ना लाहौर हाई कोर्ट (16 सितंबर 2023) शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह को फांसी (23 मार्च 1931) वाले मुकदमे की ईमानदार सुनवाई, नए सबूतों के आधार पर पुनः शुरू कर सकती थी। कारण, भगत सिंह को हत्या के मनगढ़ंत जुर्म में सजा दी गई थी। सरदार भगत सिंह को लाहौर (अविभाजित पंजाब) जेल में रखा गया था। वहीं, अंधेरे में फांसी भी दी गई। पहले उन्हें आजीवन कारावास की सजा दी गई थी। फिर फांसी। साथ में राजगुरु और सुखदेव को भी शहीद कर दिया।

भगत सिंह पर ब्रिटिश शासन के खिलाफ साजिश रचने के आरोप में मुकदमा थोपा गया था। याचिका में भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन के अध्यक्ष और याचिकाकर्ता वकील इम्तियाज राशिद कुरैशी ने कहा कि हत्या की प्राथमिकी (एफआईआर) में भगत सिंह का नाम नहीं था। भगत सिंह के मामले की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीशों ने गत सदी में मामले में 450 गवाहों को सुने बिना ही उन्हें मौत की सजा सुना दी थी। आजादी के आंदोलन के सिपाही भगत सिंह को पहले लंबे अरसे तक कारावास में रखा गया था। बाद में एक अन्य झूठे मामले में मौत की सजा सुनाई गई। लाहौर हाई कोर्ट ने गत शनिवार को लगभग एक दशक पहले दायर मामले को फिर से खोलने और उस याचिका पर सुनवाई के लिए एक वृहद पीठ के गठन पर आपत्ति जताई, जिसमें समीक्षा के सिद्धांतों का पालन करते हुए भगत सिंह की सजा को रद्द करने का अनुरोध किया गया था। अधिवक्ता कुरैशी ने कहा कि वरिष्ठ वकीलों की एक



समिति की यह याचिका एक दशक से हाई कोर्ट में लंबित है। उन्होंने कहा कि 'न्यायमूर्ति शुजात अली खान ने 2013 में एक वृहद पीठ के गठन के लिए मामले को मुख्य न्यायाधीश के पास भेजा था, तब से यह स्थगित है।'

भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन ने भगत सिंह की सजा के मामले को फिर से खोलने की मांग की थी। हालांकि लाहौर हाई कोर्ट ने कहा कि याचिका बड़ी पीठ के गठन के लिए सुनवाई योग्य नहीं है। याचिकाकर्ता कुरैशी ने बताया कि वरिष्ठ वकीलों के एक पैनल, जिसका वह भी सदस्य है, उसने लाहौर हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। एक दशक से यह टाल रही है। साल 2013 में तत्कालीन जस्टिस शुजात अली खान ने एक बड़ी पीठ के गठन के लिए मामले को मुख्य न्यायाधीश के पास भेजा था। अब हाई कोर्ट ने बड़ी पीठ के गठन पर आपत्ति जता दी है। लाहौर हाई कोर्ट में कहा गया है कि भगत सिंह ने उपमहाद्वीप की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। भगत सिंह का उपमहाद्वीप में न केवल सिखों और हिंदुओं बल्कि मुसलमानों द्वारा भी सम्मान किया जाता है। याचिकाकर्ता ने कहा कि यह राष्ट्रीय महत्व का मामला है और इसे पूर्ण पीठ के समक्ष तय किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश पुलिस अधिकारी जॉन पी. सैंडर्स की हत्या की प्राथमिकी में भगत सिंह का नाम ही नहीं था, जिसके लिए उन्हें मौत की सजा सुनाई गई। गवाहों को मौका दिये बिना ही भगत सिंह को मौत की सजा सुनाई गई थी।

करीब एक दशक पहले अदालत के आदेश पर लाहौर पुलिस ने अनारकली थाने के रिकॉर्ड खंगाले थे। पुलिस अफसर सैंडर्स की हत्या की प्राथमिकी ढूंढने में कामयाबी हासिल की थी। उर्दू में लिखी यह प्राथमिकी 17 दिसंबर, 1928 को शाम साढ़े चार बजे दो 'अज्ञात बंदूकधारियों' के खिलाफ अनारकली पुलिस थाने में दर्ज की गई थी। कुरैशी ने कहा कि भगत सिंह का मामला देख रहे विशेष न्यायाधीशों ने गवाहों को सुना ही नहीं था। मगर उन्हें मौत की सजा सुना दी। उन्होंने कहा कि सिंह के वकीलों को जिरह करने का समय तक नहीं दिया गया था।

इस प्राथमिकी में लिखा था कि 17 दिसंबर, 1928 को शाम साढ़े चार बजे दो 'अज्ञात बंदूकधारियों' के खिलाफ अनारकली पुलिस थाने में दर्ज की गई थी। याचिका में भगत सिंह को मरणोपरांत राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किए जाने का भी अनुरोध किया गया था। भगत सिंह को ब्रिटिश शासन के खिलाफ साजिश रचने के आरोप में मुकदमा चलाने के बाद 23 मार्च, 1931 को उनके साथियों राजगुरु और सुखदेव के साथ फांसी दे दी गई थी। अब भारत के पंजाब हाईकोर्ट में याचिका दायर होनी चाहिए।

(लेखक, जाने-माने वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

## संपादकीय

### टीम इंडिया का बुलंद है हौसला

टीम इंडिया ने रिकॉर्ड आठवीं बार एशिया कप पर कब्जा जमा लिया है। श्रीलंका पर भारत की अब तक की यह सबसे बड़ी जीत है। यह पेस गेंदबाज मोहम्मद सिराज की गेंदबाजी का ही कमाल था कि जिस श्रीलंका को जीत का मजबूत दावेदार माना जा रहा था, वह फाइनल में इज्जत बचाती नजर आई। सिराज ने अपने वनडे कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एक ओवर में चार विकेट निकालकर भारत की जीत की कहानी लिखी। ऐसे प्रदर्शन करने वाले वे भारत के इकलौते गेंदबाज हैं। भारतीय टीम को पिछले काफी समय से फाइनल में लड़खड़ाहट दिखाने वाली टीम माना जाता है और इसकी वजह एक दशक से ज्यादा समय से किसी आईसीसी ट्रॉफी पर कब्जा नहीं जमा पाना है। लेकिन इस सफलता ने भारत को विश्व कप जीतने के दावेदारों में ला खड़ा किया है, जो पांच अक्टूबर से भारत में होने वाला है। इस सफलता को पाने में शुभमन गिल, विराट कोहली और केएल राहुल की बल्लेबाजी के साथ मैन ऑफ द टूनामेंट बने कुलदीप यादव, पेस गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी ने अहम भूमिका निभाई है। एशिया कप में भाग लेने वाली भारतीय टीम में तमाम खामियां देखी जा रहीं थीं। कहा जा रहा था कि इस टीम से विश्व कप जीतने की उम्मीद बेमानी होगी। लेकिन इस खिताबी सफलता ने टीम के सारे समीकरणों को बदल दिया है। अब टीम एकजुट नजर आने लगी है। पर श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल की चोटों ने टीम प्रबंधकों को चिंता में डाल दिया है। श्रेयस की लंबे समय बाद वापसी हुई थी और उनकी फॉर्म की ढंग से परख हो भी नहीं पाई थी कि वे फिर से चोटिल हो गए। वे यदि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में खेलने लायक फिट नहीं हो पाते हैं तो उन्हें विश्व कप टीम में ढोना उचित नहीं होगा। यहां तक उनकी चौथे नंबर की बात है तो उस पर केएल राहुल पहले ही काबिज हो गए हैं और पांचवें नंबर ईशान किशन फिट हो गए हैं। अक्षर पटेल के बांग्लादेश के खिलाफ मैच में चोटिल होने के बाद बहुत संभव है कि उनके स्थान पर रविचंद्रन अश्विन टीम में आ जाएं। इससे भारतीय गेंदबाजी में विविधता आने के साथ वह और धारदार हो जाएगी, साथ ही अश्विन अच्छी बल्लेबाजी करने का माद्दा भी रखते हैं। वैसे भी टीम में दो लेफ्ट आर्म स्पिनरों को चुनने और ऑफ स्पिनर की अनदेखी की आलोचना भी हो रही थी। ऐसा करके स्पिन आक्रमण को और संतुलित किया जा सकता है। वैसे भी माह के आखिर तक टीम में बदलाव किया जा सकता है।


## चिंतन-मनन

### पाप कर्म का फल हानिकारक है

कहहिं कबीर यह कलि है खोटी। जो रहे करवा सो निकरै टोटी।। एक छोटा सा पहाड़ी गांव था। ग्राम के सभी लोग शराब व मांस का सेवन करते थे। जो शराब नहीं पीता था, जो मांस नहीं खाता था उसे ग्राम सजा के रूप में ग्राम बाहर कर देते थे। उसी ग्राम का एक आदमी अपने संबंधी के गांव गया। ग्राम में संतजन आए हुए थे। अत? अपने समधी के साथ सत्संग में चला गया। उपदेश का जादू ऐसा कर गया कि वह तत्काल प्रभाव से शराब व मांस सेवन छोड़ दिया। गांव वापस आने पर पूरा परिवार इस दुर्व्यसन को छोड़ दिए। यह तथ्य ग्राम में फैल गई। बैठक हुई और उसे गांव बहिरा की सजा दे दी गई गांव वाले उस परिवार से कटने लगे। नाई, धोबी, नौकर आदि सब ने उसके यहां काम करना बंद कर दिया। कुछ दिन उसे जीवनयापन में अड़चन हुई परंतु धीरे-धीरे सब सामान्य हो गया। गांव के और लोग उनसे प्रभावित होकर शराब मांस छोड़ दिए। साहेब कहते हैं कि, हे अभागा मनुष्य! तुम्हें बुरे कार्य करने के लिए किसने सम्मानित किया है जो रात दिन चोरी, झूठ, नशापान, मांस खाने में आनंद मानते हो और विषयों में सुख का भ्रम पाल रहे हो आज कल में तेरा अंत हो जाएगा। जीवन भर अशुभ कार्य करते हुए इस उत्तम मानव शरीर का दुरुपयोग ही किए हो अत? मृत्यु पश्चात तुम्हारा कहां निवास होगा इसका तुम्हें होश नहीं है। राम न रमसि कौन डंड लागा। राम भजन है शुभ कार्य। शुभ कार्य छोड़कर अशुभ काम में लिप्त रहने तुम्हें किसने दंडित या गांव बहिरा किया है? साहेब कहते हैं, पाप कर्म बहुत बुरी बात है। पाप कर्म का फल हानिकारक है, पाप कर्म काटने के लिए तीर्थ जाते हो। पूजा पाठ करते हो। केश-मुंडन कराते हो। तंत्र-मंत्र तथा पाखंड युक्त कर्म करके मुक्त होना चाहते हो। ये सब तुम्हारा भ्रम है अपने अंदर की पशुत्व को मिटाना छोड़ पशुबलि पर मुक्ति पाने का भ्रम पालते हो। साहेब कहते हैं, जीवन में जिसकी कमाई होगी उसी का फल मिलेगा। मनुष्य जो कुछ जीवन भर करता है उन्हीं सबका संस्कार मन में इकट्ठे होकर भीतर जमा होते हैं। और उन्हीं का फल आज तथा आगे मिलते हैं यदि तुमने जीवन में अच्छे संस्कार की कमाई की है तो तुम्हारे जीवन में शांति बनी रहेगी। ड्रम को मांज धोकर स्वच्छ जल भरोगे तो ड्रम के नल से स्वच्छ जल ही निकलेगा। गंदा पानी भरने से गंदा पानी निकलेगा। तेल भरने से तेल व जहर भरने से जहर ही निकलेगा। हे अभागे मनुष्य तू अपना माना हुआ सब कुछ छोड़कर एक दिन यहां से चला जाएगा। धन-जन साथी सब छूटेंगे। परंतु राम नहीं छूटेगा और राम है तेरी चेतना तेरा अभिन्न स्वरूप अत? सारी वासनाएं छोड़कर राम में लीन हो जा। वे कहते हैं।

राम न रमसि कौन डंड लागा।
मरि जबै का करिये अभागा।।

# 75 साल में बुढ़ा गई संसद



सनत जैन




संसद का विशेष सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। संसद के गठन और कामकाज को लेकर चचाएं और समीक्षा होने लगी हैं। वर्तमान संसद में केवल 21 लोकसभा के युवा सांसद हैं। जब पहली संसद गठित हुई थी उस समय लोकसभा में 35 बरस से कम उम्र के युवा संसद सदस्यों की संख्या 82 थी। वर्तमान लोकसभा में 35 वर्ष से कम आयु के मात्र 21 सांसद रह गए हैं। जब पहली सांसद बनी थी उसे समय लोकसभा सदस्यों की संख्या 489 थी। अब लोकसभा सदस्यों की संख्या बढ़कर 545 हो गई है। इस संख्या को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि वर्तमान लोकसभा बूढ़े लोगों की लोकसभा बन गई है। पहली लोकसभा में सांसदों की औसत उम्र 46.5 वर्ष थी जो अब बढ़कर 55 साल हो गई है। पहले मतदान में महिलाओं ने कम मतदान किया था। 1962 में लोकसभा के चुनाव में महिलाओं का मतदान प्रतिशत 46.6 फीसदी था, जो अब बढ़कर 67.4 फीसदी पर पहुंच गया है। पहली लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या 22 थी, जो अब बढ़कर 78 हो गई है।

बैठकों के मामले में लोकसभा निचले स्तर पर जा रही है। 1956 में लोकसभा की सबसे अधिक 151 दिन की बैठकें हुई थीं। 2020 में कोविड के दौरान मात्र 23 बैठकें हुई। पिछले 9 वर्षों में लोकसभा में बैठकों की संख्या लगातार घटती ही जा रही है। पहली लोकसभा के चुनाव में 53 राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। अब देश में राजनीतिक दलों की संख्या बढ़कर 673 हो गई है। देश में अभी तक 17 लोकसभा के चुनाव हुए हैं, जिसमें से 10 लोकसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनी है। सात लोकसभा चुनाव में किसी भी राजनीतिक दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। 2004 के बाद से सत्ताधारी दल को लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा मत प्राप्त होते हैं, यह ट्रेंड 2004 के बाद ही शुरू हुआ है। पहली लोकसभा में प्रश्नकाल के लिए 15 फीसदी समय दिया गया था। चौथी लोकसभा में यह समय घटकर 11.42 फीसदी रह गया था। इसके बाद के आंकड़े लोकसभा सचिवालय ने जारी नहीं किए हैं। 16वीं और 17वीं लोकसभा में हो हंगामा के बीच बैठकें हो रही हैं। बिल बिना चचा के ध्वनि मत से पास कराए जा रहे हैं। 17वीं लोकसभा का कार्यकाल सबसे ज्यादा चिंता जनक रहा है। इसमें संसद सदस्यों को पर्याप्त समय उनके प्रश्न उठाने के लिए नहीं मिला नाही उन्हें पर्याप्त समय किसी भी कानून के बारे में बोलने के लिए दिया गया। संसद सत्र की अवधि कम हो जाने के कारण सांसदों के अधिकारों में हनन भी हुआ है।

17वीं लोकसभा में परित बिलों पर विशेष चर्चा नहीं हुई, अधिकांश बिल बिना चर्चा के ध्वनिमत से बहुमत के आधार पर पास कर दिए गए, जिसके कारण जो कानून बनाए गए उनमें बार-बार संशोधन करना पड़ रहा है। सरकार ने मनी बिल के रूप में कई विधेयक पेश कर संसद के अधिकारों को सीमित कर दिया। विभागों द्वारा परिपत्र जारी कर नियमों को लगातार बदलाव किया, जिसके कारण अब कानून कम बन रहे हैं। संसद में कानून में कम संशोधन होते हुए दिख रहे हैं, जिसके कारण संसद और सांसदों के अधिकार पहले की तुलना में कम हुए हैं। संसद का विशेष सत्र नई संसद भवन में 18 तारीख से शुरू हुआ है। सारे देश एवं दुनिया में नये संसद भवन के चर्चा हो रही है। पक्ष और विपक्ष के बीच में नई संसद भवन में चर्चा के दौरान पहले ही दिन तलखी देखने को मिली है। 75 वर्ष के संसदीय इतिहास में युवाओं की संख्या और उनका प्रतिनिधित्व लोकसभा में लगातार घट रहा है, जबकि देश में युवाओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। उस हिसाब से इस असंतुलन को लेकर भी चर्चा होने लगी है। लोकसभा के अध्यक्ष निर्वाद रुप से सांसदों के अभिभावक और संसदीय प्रणाली लोकतंत्र के संरक्ष की भूमिका होती थी। सरकार के प्रति वह उत्तरदायी नहीं होते थे। पिछले कुछ वर्षों में लोकसभा के अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति की निष्ठा सत्ता पक्ष के प्रति बढ़ी है, जिसके कारण संविधान और संसदीय परम्पराओं और कार्यवाही को लेकर भी सत्ता पक्ष एवं विपक्ष में दूरियां बढ़ रही हैं।

# हिमालय दिवस : गंभीर नहीं हैं चिंता करने वाले



सुरेश भाई



हिमालय के संवेदनशील पर्यावरण के लिए चिंतित देश भर के सामाजिक कार्यकताओं और पर्यावरणविदों ने मिलकर देहरादून स्थित हैस्को केंद्र शुक्लापुर में 2010 में एक बैठक की थी।

जिसमें हर वर्ष 9 सितम्बर को हिमालय दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। जब यह विचार आया तो हम काफी उत्साहित थे कि हिमालय दिवस के अवसर पर राज-समाज को साथ लेकर हिमालय की गंभीर समस्याओं के साथ-साथ यहां के ज्वलंत मुद्दों की तरफ सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे। कहा गया था कि जहां-जहां पर लोग हिमालय बचाने के लिए रचनात्मक और आंदोलनात्मक गतिविधियां कर रहे हैं, उनको साथ लेकर संवाद किया जाएगा।

इससे पहले 2009 में हिमालय नीति संवाद का आयोजन भी देहरादून में किया गया था। जिसमें हिमालय नीति के लिए सुझाव के रूप में 'हिमालय लोक नीति' का एक दस्तावेज तैयार किया गया। इस दस्तावेज को सन 2014-15 में आयोजित गंगोत्री से गंगासागर तक की यात्रा के दौरान आमजन के बीच में साझा किया गया था। जिस पर लगभग 50 हजार लोगों ने हस्ताक्षर किए थे। जिसको प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को भेजा गया था। लेकिन उन्होंने इस विषय पर कुछ नहीं कहा, जबकि 16वें लोकसभा के चुनाव में भाजपा की सरकार बहुत बड़े बहुमत के साथ केंद्र में आई। उत्तराखंड से भी पांचों सांसद भाजपा से चुने गए थे। इन्हीं में पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद रमेश पोखिरयाल निशंक ने पार्लियामेंट में हिमालय विकास के मॉडल पर बहुत ही महत्त्वपूर्ण चर्चा करवायी, जिसके फलस्वरूप हिमालय के लिए अलग मंत्रालय बनाने पर सुझाव दिये गए।

हमें भी खुशी हुई कि केंद्र की सरकार एक मजबूत केंद्रीय हिमालय नीति बनाने के लिए हिमालय का मंत्रालय तो बनाएगा ही साथ ही हिमालय के पृथक विकास के मॉडल को निर्धारित करने के लिए आमजन द्वारा प्रस्तुत की गई हिमालय लोक नीति के सुझाव के अनुरूप हिमालय नीति का निर्धारण करेगी। हमारी यह आशा इसलिए थी कि जब हिमालय लोक नीति का मसौदा केंद्र सरकार तक पहुंचाया गया तो इसके तुरंत बाद नीति आयोग में राधा बहन और खुद इस लेखक की उपस्थिति में हिमालय के पृथक मॉडल पर एक महत्त्वपूर्ण बैठक गांधी शांति प्रतिष्ठान नई दिल्ली की पहल पर की गई थी। जिसमें हिमालय के लिए अलग से सेल बनाने की बात स्वीकारी गई। इसके बाद हम पत्रों के माध्यम से नीति आयोग के संपर्क में बने रहे। लेकिन सरकार ने तुरंत मसूरी में हिमालय राज्यों की एक कांक्लेव कर हिमालय की बहस इसके आगे नहीं पहुंचायी। इसी दौर में 'नमामि गंगे परियोजना' भी शुरू हुई।

हम लोग बार-बार कहते रहे कि 'हिमालय बचेगा तो गंगा बहेगी' इस विषय पर हमने बहुत सारी बातें लिखकर सरकार को सौंपी थी। परंतु हमारी अनसुनी की गई। 2010 के बाद 5 वर्षो तक हम हिमालय दिवस को देहरादून में जाकर इसलिए मनाते रहे कि हमें महसूस हो रहा था कि शायद सरकार इस विषय पर गंभीरता दिखायेगी। लेकिन हमने जितने भी दस्तावेज, हस्ताक्षर, ज्ञापन मीटिंगों के माध्यम से जो भी संवाद केंद्र और राज्य तक पहुंचाया उन सबको रद्दी की टोकरी में डाल दिया गया है। लेकिन दूसरी ओर हमारे साथ खड़े दूसरे महत्त्वपूर्ण लोग पर्यावरण के इस सवाल पर गंभीरता से आगे तो नहीं आ रहे थे। लेकिन उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के प्रचार के नाम पर जल्दी ही ख्याति प्राप्त कर ली और उन्हें पुरस्कार भी मिल गया। जबकि हिमालय दिवस की आवाज को सुना ही नहीं गया था। और इसकी शुरूआत करने वाले लोगों ने पुरस्कारों के आगे झुकना ही ज्यादा पसंद किया। और हिमालय लोक नीति की बहस को ही कुंद कर दिया। अब वर्तमान समय में हिमालय दिवस स्कूल के छात्र-छात्राओं के बीच में एक प्रतिज्ञा के रूप में फैल गया है। लेकिन वे किस हिमालय को बचाने के लिए प्रतिज्ञा कर रहे हैं, इसका संवाद देहरादून तक ही सिमट गया है।

जिस तरह से 2010-15 के बीच में हिमालय दिवस को बहुत आगे तक ले जाने के लिए सरकार भी इसके विचार को मानने लगी थी। वह अब मूल विषय से हटकर उसे व्यक्तिगत प्रतिष्ठा और पुरस्कार के बीच थम गया है। स्थिति यह है कि हिमालय दिवस अन्य दिवसों की भांति ही हिमालय की चिंता भर कर रहा है। उत्तराखंड में कई स्थानों पर बड़े पैमाने पर जंगल कट रहे हैं। हिमालय आपदा का घर बन गया है। लेकिन हम भूल गए कि लोग हिमालय बचाने के लिए आगे आए हैं, जैसे उदाहरण के रूप में हमारे पास जोशीमठ के लोग हिमालय की बिगड़ती स्थिति की तरफ देश का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। कुछ लोग जंगल बचा रहे हैं। हेलंग गांव की महिलाओं ने घास काटने का अधिकार मांगा था, पर पर्यावरणविदें ने अपने सम्मान और पुरस्कार के चक्कर में उस मुद्दे को भुला कर व्यवस्था के सामने पूरी तरह नतमस्तक हो चुके हैं। ऐसे में हिमालय तो नहीं बच सकता है। लेकिन हिमालय दिवस के नाम पर अनेकों पुरस्कार वितरण होंगे, हिमालय लुटता रहेगा। लोग पुरस्कार लेते रहेंगे और हिमालय-हिमालय बोलते रहेंगे। क्या सचमुच हिमालय बचेगा या हिमालयार्जन की कोई नई योजना आ जाएगी। सोचिए!

# सीएम योगी ने बच्चों से पूछा- माता पिता की याद तो नहीं आती, खाना ठीक से मिलता है



वाराणसी (संवाददाता)। सोमवार को सीएम योगी आदित्यनाथ जब अटल आवासीय विद्यालय पहुंचे तो हर क्लास में बच्चे उनके स्वागत में तैयार मिले। बच्चों ने तालियां बजाकर सीएम का स्वागत किया। सीएम ने बच्चों से जब पूछा कि कहां घर है तो किसी ने गाजीपुर तो किसी ने बनारस का नाम लिया। उन्होंने कुछ बच्चों से उनके नाम भी पूछे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को अटल विद्यालय के बच्चों के बीच एक अभिभावक की भूमिका में उनके मन को टटोला और नसीहत भी दी। जब बच्चों को चॉकलेट देने लगे तो उन्होंने कहा ज्यादा चॉकलेट नहीं खाना चाहिए, यह नुकसान करता है।

सोमवार को सीएम योगी आदित्यनाथ जब अटल आवासीय विद्यालय पहुंचे तो हर क्लास में बच्चे उनके स्वागत में तैयार मिले। बच्चों ने तालियां बजाकर सीएम का स्वागत किया। सीएम ने बच्चों से जब पूछा कि कहां घर है तो किसी ने गाजीपुर तो किसी ने बनारस का नाम लिया। उन्होंने कुछ बच्चों से उनके नाम भी पूछे। कुछ छोटे बच्चों से सीएम ने पूछा कि आप लोगों को माता–पिता की याद तो नहीं आती है? यहां पर किसी को कोई दिक्कत तो नहीं है? उन्होंने बच्चों से पूछा कि आप लोग पढ़ाई मेहनत से तो कर रहे हो ना? खाना ठीक से मिलता है, कम तो नहीं मिलता है। बच्चों ने सीएम के सारे सवालों के सकारात्मक जवाब दिए।

मुख्यमंत्री ने श्री काशी विश्वनाथ का विधि विधान से पूजन किया। उन्होंने मंदिर परिसर में उपस्थित दर्शनार्थियों का अभिवादन स्वीकार किया। दर्शनार्थियों ने हर–हर महादेव का घोष किया। मुख्यमंत्री के आगमन पर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के अध्यक्ष के प्रो. नागेंद्र पांडेय, ट्रस्टी वेंकटरमन, पंडित दीपक मालवीय, नीलकंठ तिवारी ने मुख्यमंत्री को अंग वस्त्र रुद्राक्ष की माला और प्रसाद भेंट किया। इस मौके पर पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी निखिलेश कुमार मिश्रा, एसडीएम शंभू शरण, विशेष कार्य अधिकारी उमेश सिंह उपस्थित रहे।

## खेत में काम रहे किसान पर गिरी बिजली, मौत

हलधरपुर (संवाददाता)। थाना क्षेत्र के मोहनसराय गांव में रविवार के देर शाम खेत में काम कर रहे एक वृद्ध किसान की बिजली गिरने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। किसान रामसरीख (62) हलधरपुर थाना क्षेत्र के मोहनसराय गांव के निवासी थे। रविवार की शाम वह खेत में काम कर रहे थे। अचानक बारिश के साथ बिजली चमकने लगी। वह कुछ समझ पाते कि बिजली की चपेट में आ गए। गंभीर रूप से झुलसने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मासूम बच्चे का ब्लेड से काटा गला, फिर की फांसी से लटकने की कोशिश



सोनभद्र (संवाददाता)। सोनभद्र में विंढमगंज थाना क्षेत्र के महुली गांव में सोमवार की रात महिला ने खौफनाक कदम उठा लिया। पारिवारिक कलह से क्षुब्ध होकर उसने ब्लेड से आठ माह के बेटे का गला काट दिया। इसके बाद खुद भी फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की। संयोग रहा कि बच्चे की चीख सुनकर परिवार और पड़ोस के लोग तुरंत मौके पर पहुंच गए।

महिला को फंदे से उतारा और मासूम को दुद्धी सीएचसी पहुंचाया। उपचार के बाद बच्चे की हालत खतरे से बाहर है।

बताया जाता है कि सोमवार की रात किसी बात को लेकर घर में महुली गांव निवासी सुरेश और उसकी पत्नी गीता में विवाद हो गया। इससे नाराज गीता ने गुस्से में आकर अपने आठ माह के मासूम बेटे अंकुश के गले पर ब्लेड से काट दिया। घर के भीतर तेज आवाज में मासूम बच्चे के रोने की आवाज सुनाई देने पर पड़ोसी उस ओर दौड़े, मगर दरवाजा अंदर से बंद था। छत फांदकर वहां पहुंचे तो मासूम बच्चे को छोड़कर मां गीता खुद फंदे से लटककर आत्महत्या करने लगी। ग्रामीणों ने दोनों मां–बेटे को किसी तरह से बचाकर सीएचसी दुद्धी में पहुँचाया। वहां चिकित्सकों ने उनका इलाज किया।

चिकित्सक डॉ विनोद सिंह ने बताया कि आठ माह के मासूम अंकुश के गले में सामने से ब्लेड से काटा गया है, लेकिन वह खतरे से बाहर है। उसका उपचार किया जा रहा है। बच्चे की मां गीता को कुछ भी नहीं हुआ है।

## आज मिथिला नगरिया निहाल सखिया..मैथिली ठाकुर ने छेड़ा ये सुर तो तालियों से गूंजा पंडाल



आजमगढ़ (संवाददाता)। मैथिली ने कार्यक्रम की शुरुआत से ही माहौल को अपने आगोश में ले लिया। आज मिथिला नगरिया निहाल सखिया, चारो दुल्हा में बड़का कमाल सखिया... गीत पर जब उन्होंने सुर छेड़ा तो लोग मुग्ध हो गए। ".. ये पहुना एही मिथिला में रहुना" सुनाकर लोगों की खूब वाहवाही लूटी। इसके बाद उन्होंने लोगों की फरमाइश पर कजरी गीतों की भी प्रस्तुति दी। 18 से 24 सितंबर तक चलने वाले आजमगढ़ महोत्सव 2023 का सोमवार की शाम रंगारंग आगाज हुआ। स्थानीय कलाकारों के बाद जब लोकगीतों की मशहूर गायिका मैथिली ठाकुर ने जब मंच संभाला तो पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

मैथिली ने कार्यक्रम की शुरुआत से ही माहौल को अपने आगोश में ले लिया। आज मिथिला नगरिया निहाल सखिया, चारो दुल्हा में बड़का कमाल सखिया... गीत पर जब उन्होंने सुर छेड़ा तो लोग मुग्धा हो गए। "... ये पहुना एही मिथिला में रहुना" सुनाकर लोगों की खूब वाहवाही लूटी। इसके बाद उन्होंने लोगों की फरमाइश पर कजरी गीतों की भी प्रस्तुति दी। एक से बढ़कर एक गीत कार्यक्रम स्थल पर मौजूद श्रोता भावविभोर हो गए। इसके बाद राजस्थान से आए वायस आफ इंडिया फेम जस्सू खान ने अपनी गायकी से ऐसा समां बांधा कि पंडाल में मौजूद हर श्रोता अपनी जगह पर झूमने लगा। उनकी टीम में शामिल भपंग, मोर्चंग और करताल बजाने वालों की जुगलबंदी देख हर कोई दांतों तले उंगली दबाने को विवश हुआ। इसके बाद मथुरा और वृंदावन से आए कलाकारों ने सोनू ठाकुर के नेतृत्व में मयूर रास का प्रदर्शन किया। जिसे देख हर कोई वाह–वाह कर उठा।

## विद्यालय अवधि में बाहर आने-जाने के लिए लेनी होगी लिखित अनुमति

गाजीपुर (संवाददाता)। माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों की मनमानी अब नहीं चलेगी। उन्हें विद्यालय अवधि में बाहर आने–जाने के लिए प्रधानाचार्य से लिखित अनुमति लेना अनिवार्य होगा। कोई भी शिक्षक और कर्मचारी बिना अनुमति लिए किसी भी विभागीय कार्य से जिला मुख्यालय पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मिलने नहीं जा सकता है। जो शिक्षक विद्यालय में उपस्थित हो जाएगा, वह बिना प्रधानाचार्य की अनुमति के विद्यालय समय से पूर्व नहीं छोड़ सकेगा।

माध्यमिक के शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव का यह निर्देश पत्र सभी मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, मंडलीय उप शिक्षा निदेशक और जिला विद्यालय निरीक्षकों को भेजा गया है। निर्देश में यह कहा गया है कि जिला एवं मंडल स्तर पर शिक्षकों एवं कर्मचारियों का कोई सेवा से संबंधित प्रकरण हो तो उसका निस्तारण अधिकारी एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। माध्यमिक शिक्षा परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी के उप सचिव राम अवतार यादव ने बताया कि निदेशक के पत्र में यह भी कहा गया है कि माध्यमिक के विद्यालयों में गुणात्मक सुधार लाने के लिए ये तीनों अधिकारी सप्ताह में विद्यालयों का निरीक्षण कर इसकी आख्या निदेशक कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे। विद्यालय स्तर पर शिक्षकों एवं कर्मचारियों के विद्यालय अवधि में आने–जाने के लिए गमनागमन पंजिका तैयार कराई जाएगी। इस पंजिका में विद्यालय अवधि में आने–जाने पर प्रत्येक शिक्षक एवं कर्मचारी से कारण एवं आने–जाने के समय को अंकित कराकर हस्ताक्षर कराया जाएगा। कार्यालय स्तर पर आगंतुक पंजिका बनाई जाएगी।

## डेढ़ साल बाद बच्ची को मिली नई जिंदगी चोट लगने से फट गई थीं दिमाग की नसें, डॉक्टरों ने नहीं लिए पैसे




वाराणसी (संवाददाता)। ये डॉक्टरों का अटूट विश्वास ही था जो डेढ़ साल से वेंटीलेटर पर पड़ी मासूम प्रिया आज हंस बोल रही है। मां पिता ने तो उम्मीद छोड़ दी थी लेकिन बीएचयू ट्रॉमा सेंटर के डॉक्टरों के अथक प्रयास ने उनके चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी। बिहार रोहतास के मुन्ना कुमार गुप्ता की 10 साल की प्रिया ने आज जिंदगी से जंग जीतकर वेंटीलेटर से व्हीलचेयर पर आ गई है। मां–पिता से अब बातें कर रही हैं। उनके पास तो डॉक्टरों का शुक्रिया अदा करने के लिए लफ्ज भी नहीं हैं। मूल रूप से बिहार के रोहतास जिले के सेमारी गांव निवासी प्रिया के पिता मुन्ना कुमार गुप्ता चाय बेचकर जीवनयापन करते हैं। मां साधना गृहिणी हैं। प्रिया जब 10 साल की थी तो अक्तूबर 2021 में प्रिया के सिर पर स्कूल में गमला गिर गया था। इससे उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। पांच महीने तक तो परिजन स्थानीय स्तर पर इलाज में लगे रहे लेकिन जब हर जगह से प्रिया के ठीक होने की उम्मीद नहीं मिली तो 28 फरवरी 2022 को मां–पिता से उसे बीएचयू ट्रॉमा सेंटर लेकर आए। बीएचयू ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी प्रो. सौरभ सिंह के अनुसार 11 अप्रैल 2022 को उसका ऑपरेशन किया गया। उसके बाद से ही बच्ची को वेंटीलेटर सपोर्ट पर रखा गया। आठ महीने तक उसे 24 घंटे वेंटीलेटर पर रखा गया। इसके बाद अगस्त 2023 तक 12–12 घंटे वेंटीलेटर सपोर्ट दिया गया। हालत में सुधार होने पर सितंबर 2023 से वेंटीलेटर से हटा दिया गया।

ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी प्रो. सौरभ सिंह के मुताबिक प्रिया को सर्वाइकल स्पाइन में गंभीर चोट आई थी। चोट लगने से उसके दिमाग की नसें फट गई थीं। सर्जरी के बाद भी बच्ची कोई गतिविधि नहीं कर पा रही थी। पिता की माली हालत ठीक नहीं थी, इसलिए हमने बिना किसी खर्च के इलाज करने का फैसला लिया। उसके लिए अतिरिक्त बेड मंगाकर आईसीयू में लगाया गया। करीब डेढ़ साल से बच्ची इसी बेड पर रही। प्रिया के इलाज में न्यूरो सर्जरी के प्रो. कुलवंत सिंह और डॉ. अनुराग साहू के साथ एनीस्थीसिया विभाग की प्रो. कविता मीना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रिया को डेढ़ साल बाद व्हीलचेयर के सहारे चलते और बोलते देख पिता मुन्ना कुमार और माता साधना की खुशी का ठिकाना नहीं है।

## कहीं है त्रिनेत्र प्रतिमा तो कहीं पिता से पहले पुत्र को किया जाता है प्रणाम



वाराणसी (संवाददाता)। वक्रतुंड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभरू, निर्विघ्नं कुरु में देव सर्व कार्येषु सर्वदा। अर्थात घुमावदार सूंड वाले, विशालकाय शरीर, करोड़ सूर्य के समान महान प्रतिभाशाली। मेरे प्रभु, हमेशा मेरे सारे कार्य बिना विघ्न के पूरे करने की कृपा करें शिव की नगरी काशी में उनके पुत्र और प्रथम पूज्य गणेश के उत्सव की रंगत भक्तों पर नजर आने लगी है। मराठी समाज के अलावा भी घर–घर में भगवान गणेश को विराजमान कराया गया है। तो आइए हम आपको दर्शन कराते हैं काशी के प्रमुख पंच विनायक से...। काशी विश्वनाथ मंदिर के प्रवेश से पहले ढुंढिराज गणेश का मंदिर विराजमान है। बाबा के दर्शन करने आने वाले भक्त सबसे पहले ढुंढिराज को प्रणाम करके आगे बढ़ते हैं। मान्यता है कि भगवान गणेश इस स्वरूप में काशी के कष्टों को भी हरते हैं। जो भक्त निरंतर इनका नाम जपता है, अष्ट सिद्धियां उस व्यक्ति का नाम जपती हैं। उस व्यक्ति को जीवन में समस्त ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है।

बड़ा गणेश का स्वयंभू त्रिनेत्र प्रतिमा वाला यह मंदिर लोहटिया में है। मान्यता है कि जब काशी में गंगा मां के साथ मंदाकिनी नदी बहती थी, उस समय भगवान गणेश की यह प्रतिमा मिली थी। यहां पर भगवान गणेश अपनी दोनों पत्नियां ऋद्धि–सिद्धि और संतानों शुभ–लाभ के साथ विराजमान हैं। मान्यता है कि गणेश जी के इस रूप की उपासना करने से व्यक्ति को ऋद्धि–सिद्धि और शुभ–लाभ की प्राप्ति होती है।

बाबा कीनाराम आश्रम के प्रांगण में कूटदंत विनायक का मंदिर विराजमान है। वह साक्षात ब्रह्मा के स्वरूप हैं। काशी के 56 विनायकों में यह इकलौते विनायक हैं जिनकी प्रतिमा काले रंग की है। स्कंदपुराण के अनुसार कूटदंत विनायक कठिनाइयों और विपत्तियों का नाश करते हैं। काशी के 56 विनायकों की परिक्रमा करने वाले भक्त इनके दर्शन–पूजन जरूर करते हैं।

गणेश घाट पर विराजमान अमृत विनायक मूंगा गणेश के रूप में पूजे जाते हैं। गणेश जी की मूर्ति 11 जून 1807 में स्थापित की गई थी। जिस आसन पर गणेश जी विराजमान हैं वह एक दुर्लभ संगमरमर से बना हुआ है। मूर्ति के अद्भुत रंग के कारण लोगों का मानना है कि मूर्ति मूंगे से बनी है। पेशवाओं द्वारा स्थापित इस मंदिर के नाम से ही गणेश घाट का नाम भी जाना जाता है। दुर्गाकुंड के दक्षिणी कोने में हैं दुर्ग विनायकदुर्ग विनायक का मंदिर दुर्गाकुंड क्षेत्र में है। कुंड के दक्षिण कोने में विराजमान साक्षात दुर्ग विनायक के दर्शन–पूजन से कष्टों का निवारण हो जाता है। ऐसा कहा गया है कि कलयुग में काली और विनायक की पूजा से तत्काल फल प्राप्त हो जाता है। दुर्ग विनायक की मान्यता है कि किसी भी नौकरी, मकान और परियोजना के पहले यहां पूजा करने से उसमें सफलता प्राप्त होना निश्चित है।

## न्यूज सार

### शोध की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए खुशखबरी, प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन तिथि बढ़ी

वाराणसी (संवाददाता)। बीएचयू में शोध में दाखिले की तैयारी में लगे छात्रों के लिए राहत भरी खबर है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने शोध प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन के लिए 22 सितंबर तक की तिथि बढ़ा दी है। ऐसे में छात्रों के पास पांच दिन का मौका है। विश्वविद्यालय की ओर से इसकी जानकारी एक्स पर भी डाल दी गई है। पिछले दिनों छात्रों ने शोध प्रवेश परीक्षा के लिए जारी बुलेटिन में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए बदलाव की मांग की थी। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में करीब 1400 सीटें शोध की खाली हैं। एनटीए के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। छात्रों की मांग पर अब उन्हें आवेदन का एक मौका दिया गया है। 22 सितंबर रात 9 बजे तक आवेदन करने के बाद उसी दिन रात 11.50 बजे तक छात्र अपनी फीस ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। एनटीए ने भी आदेश जारी कर दिया है। बताया गया है कि फॉर्म में किसी तरह का सुधार भी 23 और 24 सितंबर को किया जा सकेगा। आवेदन की तिथि बढ़ने से छात्रों को बड़ी राहत मिलेगी।

### 15 साल पहले जहां पत्नी ने लगाई थी फांसी वहीं पति ने खत्म की अपनी जीवन लीला

आजमगढ़ (संवाददाता)। पवई थाना के बसही गांव निवासी शैलेन्द्र सिंह पुत्र रामनाथ सिंह फूलपुर कोतवाली के बिलारमऊ कटार बाजार में हार्डवेयर की दुकान एवं रिहायसी मकान बनवाकर रहते थे। सोमवार की रात शैलेन्द्र सिंह ने अपने मकान की छत में लगी कुंडी में रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। 15 वर्ष पहले उसकी पत्नी ने भी इसी मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। फूलपुर तहसील के बिलारमऊ कटार में सोमवार की रात एक दुकानदार ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फूलपुर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पवई थाना के बसही गांव निवासी शैलेन्द्र सिंह पुत्र रामनाथ सिंह फूलपुर कोतवाली के बिलारमऊ कटार बाजार में हार्डवेयर की दुकान एवं रिहायसी मकान बनवाकर रहते थे। सोमवार की रात शैलेन्द्र सिंह ने अपने मकान की छत में लगी कुंडी में रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया।

### ड्रैगन फ्रूट की खेती करके बढ़ाई आमदनी

चंदौली (संवाददाता)। चहनिया के कैथी गांव के मनोज कुमार मौर्य ने ड्रैगन फ्रूट की खेती की है। इस फल को बोने वाले वे जिले के इकलौते किसान हैं और अच्छी कमाई कर रहे हैं। उनके खेत से तीसरे दिन 40 किलो फल का उत्पादन होता है। तीन साल पहले मनोज ने हैदराबाद से पौधे मंगाकर डेढ़ एकड़ में खेती की थी। एक लाख रुपये की लागत से उन्होंने इसकी खेती की। मनोज ने बताया कि दो साल के बाद फल आने शुरू हो गए। तीन दिन के अंतराल पर 40 किलो तक फल निकल रहे हैं। स्थानीय बाजार में फल की कीमत 200 से 300 रुपये प्रति किलो रहती है। इस तरह उनको हर हफ्ते 2000 रुपये से ज्यादा की आय हो जाती है। ड्रैगन फ्रूट की खेती का प्रयोग सफल होने के बाद मनोज इसका रकबा बढ़ाने की तैयारी में हैं। उन्होंने पांच एकड़ में इसकी खेती करने का फैसला किया है। उनका कहना है कि फिलहाल कम उत्पादन होने से स्थानीय बाजार में फल बेचने पड़ रहे हैं लेकिन उनकी योजना एपीडा से संपर्क करके निर्यात करने की है।

### बाइक पर चढ़ गया ट्रक, दो युवकों की मौत

नियामताबाद (संवाददाता)। अलीनगर थाना क्षेत्र के चंदरखा गांव के समीप नेशनल हाईवे पर सोमवार की दोपहर तेज रफ्तार ट्रक बाइक पर चढ़ गया। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया और चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। समेत चालक को पकड़ कर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। अलीनगर थाना क्षेत्र के चंदरखा गांव निवासी प्रभु यादव का पुत्र कमलेश यादव (24) अपने किसी मित्र के साथ बाइक से चंदौली की ओर जा रहा था। नेशनल हाईवे पर कुछ ही दूर पहुंचा था कि तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को कुचल दिया। दोनों युवकों की घटनास्थल पर मौत हो गई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पुलिस भी पहुंच गई। अलीनगर थाना प्रभारी निरीक्षक शेषधर पांडेय ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। कमलेश यादव के साथ बाइक पर जा रहे दूसरे युवक की पहचान नहीं हो पाई।

### हापुड़ कांड को लेकर नहीं थमा अधिवक्ताओं का विरोध

मऊ (संवाददाता)। हापुड़ जिले में अधिवक्ताओं के ऊपर हुए लाठीचार्ज की घटना को लेकर सोमवार क भी अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य से विरत रहने के चलते वादकारियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। जिले के विभिन्न अंचलों से न्याय की आशा लेकर कचहरी आए वादकारियों को अपने मामलों में अगली तिथि लेकर वापस घर जाना पड़ा।

सिविल कोर्ट सेंट्रल बार एसोसिएशन की बैठक सोमवार को संघ के पुस्तकालय भवन में हुई। इसमें हापुड़ जिले में अधिवक्ताओं के ऊपर हुए बर्बर लाठीचार्ज की घटना और दोषियों के विरुद्ध अबतक कार्यवाही न होने को लेकर पर चर्चा की गई। बैठक में अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहे।

### लूट की झूठी कहानी गढ़ तीन लाख हड़पने की कोशिश, ट्रक चालक गिरफ्तार

घोसी (संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने लूट की एक घटना का 12 घंटे में खुलासा करते हुए आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी चालक ने बताया कि मालिक के तीन लाख से ज्यादा की नकदी हड़पने के लिए उसने लूट की झूठी कहानी गढ़ी थी। गोरखपुर जिले के बड़हलगंज निवासी एवं गल्ला व्यापारी ने रविवार को डीसीएम से खाद्य तेल की खेप घोसी कोतवाली क्षेत्र के नदवासराय स्थित एक किराना की दुकानदार पर भेजी थी। चालक प्रेमसागर निवासी मसीर पुर, बिलरियागंज, आजमगढ़ डीसीएम लेकर व्यापारी के यहां रविवार की देर शाम पहुंचा। तेल की खेप पहुंचाने के बाद दुकानदार ने सामान का तीन लाख दस हजार रुपया ट्रक चालक को दिया। जिसे लेकर वह रविवार की शाम को ही घोसी कस्बा के पहचान के एक व्यापारी के यहां पहुंचा।



# मैं थोड़ी बिगड़ी हुई और बहुत जिद्दी हूं कंगना रनौत

हाल ही में फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप ने बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत कंगना रनौत के साथ काम करने का एक्सपीरियंस शेयर किया था। उन्होंने कहा था कि कंगना टैलेंटेड हैं, मगर उनके साथ काम करना मुश्किल है। उन्होंने कंगना को टफ एक्ट्रेस बताया था।

अब कंगना ने रिएक्शन दिया है, जो की चर्चा में आ गया है। अपने बारे में कही गई ऐसी बात सुन खुशी से गदगद हुई कंगना ने कहा, इस बात से सब सहमत होते हैं लेफ्ट राइट दोनों विंग। इसके बाद चार प्वाइंट्स में कंगना ने अपनी खूबियां गिनाईं।एक तो मैं बहुत बद्तमीज हूं। हिंसक और अतिवादी भी हूं। मुझे हिंसा पसंद है और हिंसा को मैं पसंद हूं। थोड़ी बिगड़ी हुई और बहुत जिद्दी हूं। भयंकर वाली टैलेंटेड मतलब जीओएटी टाइप। इसके बाद उन्होंने लिखा– इसे कहते हैं बैटमैन...वही हूं मैं। कंगना रनौत की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें, तो एक्ट्रेस इन दिनों फिल्म चंद्रमुखी 2 को लेकर लाइमलाइट में हैं। मूवी में उनके अलावा राघव लॉरेंस भी नजर आएंगे। वह फिल्म में बहुत ही अहम किरदार प्ले कर देखे जाएंगे। इसके अलावा एक्ट्रेस के पास तेजस है, जो 20 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। इस फिल्म का टीजर अक्टूबर के शुरुआती दिनों में दिखाया जाएगा। अनुराग ने कहा था, कंगना शानदार एक्ट्रेस हैं। बात जब काम की आती है तो वह ईमानदार होती हैं। उनके साथ अन्य समस्याएं भी होती हैं।

हालांकि, जब उनके टैलेंट की बात आती है, तो कोई भी उनसे यह छीन नहीं सकता। एक अभिनेता के रूप में, ईमानदार आलोचक के रूप में भी, उनके अंदर क्या है, इससे कोई निपटा नहीं सकता। हंसल मेहता ने भी एक्ट्रेस से मतभेदों को दूर रखते हुए उनके आर्ट की तारीफ की थी। बता दें कि कंगना रनौत किसी को भी कुछ भी कहने से पीछे नहीं हटतीं। या फिर चाहे कोई भी मुद्दा हो, एक्ट्रेस अपने मन में छिपी बात को बेबाकी से बोलना जानती हैं और अगर कोई उनके बारे में कुछ कहे, तो उसे क्या जवाब देना है वह यह भी जानती हैं।




# फुकरे 3 अपनी रिलीज के लिए तैयार

एक्सेल एंटरटेनमेंट की फिल्म फुकरे 3 को लेकर दर्शकों का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। यह फिल्म रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म की टीम भी फिल्म के प्रमोशन्स में कोई कसर बाकी नही छोड़ रही ताकि फिल्म ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक पहुंचे।


हाल ही में इसी सिलसिले में फुकरा गैंग दिल्ली में थी, जहां वे प्रमोशनल कैंपन को अगले स्तर तक ले गए और अब वे दिल्ली के स्ट्रीट फूड को एजॉय करने के लिए एक हैंग-आउट प्लेस पर पहुंच गए हैं। फुकरा गैंग के पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा और मनजोत सिंह ने दिल्ली में हॉट एंड स्पाइसी जंक्शन नाम के एक फूड स्टॉल का दौरा किया है। ऐसे में जब ये दिल्ली की सड़कों पर स्ट्रीट फूड के मजे लेते देखे गए, तो वहां प्रशंसकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

फिल्म में वास्तव में 28 सितंबर को बड़े पर्दे पर आने वाले जुगाडू बॉयज को देखने के लिए उत्साह बढ़ा दिया है। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट ने समय-समय पर झेडएनएमडी, दिल चाहता है जैसी कई और ब्लॉकबस्टर फिल्मों के साथ दर्शकों को एंटरटेन किया है।बता दें, फुकरे रिटर्न्स के दौरान फुकरा बॉयज इस स्टॉल पर आए थे और अब लगभग 10 साल बाद वे दोबारा इस जगह पर आए और मोमोज का स्वाद चखा। दिल्ली में फुकरा गैंग को देखना वास्तव में एक मजेदार अनुभव है क्योंकि फुकरे फेंचाइजी का असली सार शहर में ही बसा है।



# 9 साल बाद फिर साथ आएंगे टाइगर श्रॉफ-कृति सेनन

टाइगर श्रॉफ, कृति सेनन की बहुप्रतीक्षित नई फिल्म गणपथ- राइज ऑफ द हीरो का नया पोस्टर अब रिलीज हो गया है और यह इस युवा जोड़ी के प्रशंसकों को उत्साहित कर देगा। जैसे ही भारत गणेश चतुर्थी मनाने के लिए तैयार हो रहा है, बहुप्रतीक्षित फिल्म के लिए टाइगर श्रॉफ के एक्शन से भरपूर पोस्टर के भव्य अनावरण के साथ उत्साह बढ़ गया है। पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा गणपथ– राइज़ ऑफ़ द हीरो, इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ, कृति सनोन और महान अमिताभ बच्चन की गतिशील तिकड़ी है, और यह पूरे भारत के दर्शकों के लिए एक सामूहिक मनोरंजन है।




# दूसरी शादी को लेकर चर्चाओं में नागा चैतन्य

दक्षिण भारतीय अभिनेता नागा चैतन्य अपनी दूसरी शादी को लेकर चर्चाओं में है। उन्होंने 2 अक्टूबर 2021 को एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु के साथ अलगाव की घोषणा करके फैंस को चौंका दिया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक अटकलें लगाई जा रही हैं कि नागार्जुन बेटे नागा के लिए दूसरी शादी की योजना बना रहे हैं। हालांकि अभी दुल्हन की पहचान सामने नहीं आई है। रिपोर्ट्स की मानें तो लड़की एक बिजनेसमैन की फैमिली से है। उसका ग्लैमर की दुनिया से कोई वास्ता नहीं है। हालांकि इस खबर को लेकर कहीं से कोई पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले नागा का नाम अभिनेत्री शोभिता धूलिपाला के साथ जोड़ा गया और उनकी नजदीकियों व डेटिंग की अटकलों ने इंटरनेट पर तूफान ला दिया था।

# सिल्वर स्कर्ट और डीपनेक क्रॉप टॉप में मोनालिसा ने दिए हॉट पोज

भोजपुरी अभिनेत्री मोनालिसा ने एक बार फिर अपनी हॉट तस्वीरें साझा करके फेंस को अपनी ओर आकर्षित किया है। मोनालिसा आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वह भोजपुरी सिनेमा के साथ-साथ कई टीवी सीरियल में भी काम कर चुकी हैं। मानालिसा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी हॉट तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया का तापमान बढ़ाती रहती हैं। एक बार फिर मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें शेयर कर इंटरनेट का पारा बढ़ा दिया है। भोजपुरी सिनेमा का क्वीन का असली नाम अंतरा बिस्वास है। वहीं, एक्ट्रेस ने सिल्वर स्कर्ट और डीपनेक क्रॉप टॉप में फोटोज़ शेयर करके फैंस के दिलों में आग लगा दी है। डीपनेक क्रॉप टॉप में फैंस उनकी अदाओं के दीवाने हो गए हैं। भोजपुरी इंडस्ट्री की धाकड़ एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपनी ये तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। एक्ट्रेस ने जैसे ही मदमस्त करने वाली ये फोटोज शेयर की तो उनके कमेंट सेक्शन में आग लग गई। मोनालिसा की इन सिजलिंग तस्वीरों पर जमकर कमेंट आ रहे हैं।






# 'टाइगर वर्सेज पठान' की स्क्रिप्ट को मिली मंजूरी

खबरे सामने आईं है कि फिल्म 'टाइगर वर्सेज पठान' की स्क्रिप्ट को लेकर दोनों सुपरस्टारों से एक महीना पहले मीटिंग भी हो चुकी है। आदित्य चोपड़ा वाईआरएफ में सलमान खान और शाहरुख खान की 'टाइगर वर्सेज पठान' बनाने वाले है।

जानकारी के अनुसार आदित्य चोपड़ा द्वारा मेगा-स्टार्स को फिल्म सुनाने के बाद, अगले साल मार्च में शुरू होने वाली शूटिंग के लिए नवंबर में तैयारी शुरू करने के लिए 'टाइगर वर्सेज पठान' की टीम के लिए स्क्रिप्ट लॉक कर दी गई है। हिंदी सिनेमा के दो मेगा-स्टार द्वारा स्क्रिप्ट पर अपनी सहमति देने के बाद 'टाइगर वर्सेज पठान' की स्क्रिप्ट लॉक हो गई है। यह फिल्म एक बहुत बड़ा मील का पत्थर है क्योंकि इसमें बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाने वाले करण अर्जुन को फिर एक साथ देखा जाएगा। आदित्य चोपड़ा ने शाहरुख और सलमान के साथ पर्सनल मीटिंग की और उन्हें फिल्म के बारे में बताया। सुपरस्टार्स को कहानी पसंद आई है और फिल्म अब मार्च में फ्लोर पर जाएगी।

सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित, 'टाइगर वर्सेज पठान' को भारत की अब तक की सबसे बड़ी फिल्म माना जाता है। यह प्रसिद्ध वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है, जो सलमान खान और कैटरीना कैफ अभिनीत टाइगर फेंचाइजी के साथ शुरू हुआ, एक था टाइगर (2012) और टाइगर जिंदा है (2017) से शुरू हुआ, और वॉर (2019) तक जारी रहा, जिसमें ऋतिक ने एक्ट किया। इसके बाद शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम की पठान (2023), जो हिंदी सिनेमा की अब तक की सबसे बड़ी हिट है। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की सभी चार फिल्में ब्लॉकबस्टर हैं।

# परिणीति चोपड़ा ने अपनी फिल्म 'मेरी प्यारी बिंदू' की विफलता का ठीकरा बाहुबली के सिर पर फोड़ा

बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा आने वाले दिनों में राघव चड्ढा से शादी करने वाली हैं।एक्ट्रेस ने बॉलीवुड की कई बड़ी फिल्मों में काम किया लेकिन उन्हें वो सफलता नहीं मिली जिसकी वह हकदार है लेकिन उन्होंने अपने दमपर कई फिल्मों को हिट करवाया है। उन्होंने हाल ही में अपनी फिल्म मेरी प्यारी बिंदू (2017) की विफलता के बारे में खुलासा किया। फिल्म में परिणीति चोपड़ा आयुष्मान खुराना के साथ नजर आयी थी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास प्रदर्शन नही कर सकी थी।

## मेरी प्यारी बिंदु की असफलता पर परिणीति चोपड़ा

रेडियो नशा से बात करते हुए परिणीति चोपड़ा ने उल्लेख किया कि यह काफी हद तक हुआ क्योंकि फिल्म एसएस राजामौली के महाकाव्य बाहुबली 2 के साथ रिलीज हुई थी, जिसमें प्रभास और राणा दग्गुबाती ने अभिनय किया था। परिणीति ने यह भी बताया कि उन्हें कैसा लगता है कि मेरी प्यारी बिंदू बॉक्स ऑफिस पर अधिक प्यार की हकदार थी और कहा, 'मेरी प्यारी बिंदू बाहुबली के साथ रिलीज हुई थी और इसलिए उसे तब प्यार नहीं मिला। लेकिन यही वह फिल्म है जिसके लिए मुझे आज सबसे ज्यादा प्यार मिलता है। और यही मायने रखता है। इस तरह की कई फिल्में हैं जो उस समय नंबर नहीं बनातीं, लेकिन वे हमेशा आपको ढूंढ लेती हैं।'

## 'छोटे शहर की लड़की' की भूमिका निभाने पर

उसी बातचीत के दौरान, परिणीति ने यह भी बताया कि उन्हें कैसा लगा कि उन्होंने 'छोटे शहर की लड़की' का किरदार इतनी अच्छी तरह से निभाया है कि उस समय उनके साक्षात्कारों में उनसे पूछा गया था कि क्या वह अंग्रेजी बोलती हैं। उन्होंने कहा कि फ्रयह पागलपन है। जब मैंने कुछ छोटे शहर की भूमिकाएँ कीं, तो लोग मेरे पास आने लगे और कहने लगे, 'ओह, आप अंग्रेजी बोलते हैं? तुम्हें अंग्रेजी बोलनी आती है?' मुझे यह अजीब लगा। आप यह कैसे मान लेंगे कि मैं अंग्रेजी नहीं बोलता?



## एनसीआर बिल्डरों से जुड़े परिसरों पर आयकर छापे में करोड़ों की कर चोरी का खुलासा

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने हाल ही में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बिल्डरों से संबंधित कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। इसमें लगभग चार करोड़ रुपये नकद, 10 करोड़ रुपये के आभूषण और संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए हैं। सूत्रों ने मंगलवार



को बताया कि करोड़ों रुपये की टैक्स चोरी हुई है। सूत्रों ने बताया कि एक शैक्षिक सोसायटी भी उनके रडार पर है। एनसीआर में तीन नामी बिल्डर्स ग्रुप के परिसरों पर तलाशी अभियान चलाया गया। बताया कि आरओएफ, ऑरिस ग्रुप और पायनियर ग्रुप के परिसरों पर तलाशी अभियान चलाया गया। फिलहाल आयकर विभाग ने इस मामले पर आधिकारिक तौर पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

## नए संसद भवन के लिए आधिकारिक रूप से नोटिफिकेशन हुआ जारी

**नई दिल्ली।** संसद के नए भवन को अब भारत के संसद भवन के रूप में नामित कर दिया गया है। इसे लेकर लोक सभा सचिवालय की तरफ से नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। लोक सभा



सचिवालय की तरफ से संसद के नए भवन को भारत के संसद भवन के रूप में नामित करने के लिए जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है कि, 'लोक सभा अध्यक्ष को संसद भवन, नई दिल्ली के परिसर में प्लॉट संख्या 118 पर स्थित संसद के नए भवन को जो मौजूदा संसद भवन के पूर्व में और दक्षिण में रायसीना रोड एवं उत्तर में रेड क्रॉस रोड से लगा हुआ है, को संसद के नए भवन के रूप में अधिसूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है।'

## गणेश चतुर्थी 2023: सीमा हैदर ने मनाई गणेश चतुर्थी, भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की

**नोएडा।** गणेश चतुर्थी है और घर- घर गणपति की प्रतिमाएं विराजमान की गई हैं। कहते हैं भगवान गणेश दुःखी लोगों के दुख हरते हैं, निःसंतानों की गोद भरते हैं। इस अवसर पर पाकिस्तनी सीमा हैदर ने भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा- अर्चना की। इससे पहले पाकिस्तानी सीमा हैदर ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के त्यौहार को धूमधाम के साथ मनाया था। सिर पर माता की चुनरी और हरी साड़ी पहनकर सीमा हैदर राधा बनी दिखाई दी थी। सीमा ने बॉलीवुड के गाने पर जमकर डांस करते हुए एक वीडियो भी बनाया था। यह गाना है ' जो है अलबेला मद नैनों वाला, जिसकी दीवानी वृज की हर वाला वह कृष्णा है।

इससे पहले पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर ने रक्षाबंधन का त्योहार भी पूरे भाव के साथ मनाया था। सचिन के रबूपुरा वाले घर पर वकील एपी सिंह पहुंचे थे। जहां उन्होंने सीमा और सचिन समेत परिवार के सदस्यों के बीच राखी का पर्व मनाया था। सीमा हैदर ने एपी सिंह को राखी बांधी थी, इतना ही नहीं सीमा ने बड़े भाई के पैर छूकर आशीर्वाद भी लिया था। एपी सिंह ने सीमा और उनके बच्चों को मिठाई खिलाई थी। सीमा हैदर ने कहा था कि मुझे बहुत खुशी है कि मुझे एपी सिंह जैसा बड़ा भाई मिला है। वहीं, एपी सिंह ने भी कहा था कि वह हर हाल में सीमा हैदर को भारत की नागरिता दिलाकर रहेंगे।

## नायडू की गिरफ्तारी के खिलाफ टीडीपी नेताओं का राजघाट पर मौन प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के नेताओं ने पार्टी महासचिव नारा लोकेश के नेतृत्व में मंगलवार को पार्टी प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी के खिलाफ राजघाट पर मौन विरोध प्रदर्शन किया।



टीडीपी सांसद और पूर्व सांसद महात्मा गांधी की समाधि पर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। काले बिल्ले पहनकर नेताओं ने राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्टी सांसदों ने संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास धरना दिया। उन्होंने नारे लगाए और नायडू की गिरफ्तारी को अवैध बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें बिना किसी सबूत के जेल में रखा जा रहा है। सांसदों ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार को आंध्र प्रदेश की स्थिति पर ध्यान देना चाहिए। नायडू को करोड़ों रुपये के कौशल विकास निगम घोटाले में आंध्र प्रदेश सीआईडी ने 9 सितंबर को गिरफ्तार किया था। विजयवाड़ा की एक अदालत ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वह फिलहाल राजमुंदरी सेंट्रल जेल में बंद हैं।

## नोएडा में 24वीं मंजिल से गिरकर 12वीं के छात्र की मौत

**नोएडा।** बिसरख थाना क्षेत्र स्थित गौर सौंदर्यम सोसाइटी में एक नाबालिग लड़के (17) की बिल्डिंग की 24वीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। प्रणव गाजियबाद के जयपुरिया स्कूल में 12वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहा था। सोसाइटी के सुपरवाइजर मामले की सूचना पुलिस को दी। मौक पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक, छात्र प्रणव अपनी मां और बहन के साथ रहता था। उसके पिता डॉ. अमर श्रीवास्तव आईएमटी दुबई में प्रोफेसर हैं और उसकी मां एडवोकेट हैं। वहीं, बहन बीटेक की छात्रा है। ये लोग मूलरूप से गोरखपुर के रहने वाले हैं। यहां एक सोसाइटी में रहते हैं।




सोसाइटी के सुपरवाइजर ने मंगलवार की सुबह 6-30 बजे प्रणव की मौत की सूचना पुलिस को पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में यह मामला आत्महत्या प्रतीत हो रहा है। सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। वहीं, परिजनों का कहना है कि प्रणव अक्सर अपने दोस्तों से मिलने के लिए देर रात चोरी छुपे बालकनी के बंद रास्ते होते हुए बाहर चला जाता था। अंदेशा यह लगाया जा रहा है कि रात को लौटते समय उसका पैर फिसलने से यह हादसा हो गया।

## कैफे में ग्राहक को लेकर विवाद, कर्मचारियों में हाथापाई

**नई दिल्ली।** साउथ कैंपस इलाके में बीती रात कैफे में ग्राहक को सर्विस देने को लेकर विवाद में कैफे कर्मचारी को उसी के साथी ने मालिक के साथ मिलकर पीटा और चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने कैफे में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

बीती रात साउथ कैंपस पुलिस को दुर्गा बाई देश मुख मेट्रो स्टेशन के पास सत्य निकेतन में चाकूबाजी होने की पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर संदीप ने बताया कि एक राहगीर ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों से पूछताछ करने पर पता चला कि सत्य निकेतन के एक कैफे में दो लड़कों के बीच झगड़ा हुआ था।

घायल को एसजे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस की एक टीम अस्पताल पहुंची। घायल की पहचान सागरपुर के रहने वाले आशीष के रूप में हुई। आशीष ने बताया कि वह सत्य निकेतन के मित्रो कैफे में सर्विस बॉय के रूप में काम करता है और वहां पर उसके साथ एक लड़का गुड्डू भी काम करता है।

कुछ ग्राहकों को लेकर उसका गुडडू से विवाद हो गया और गुडडू उसके साथ अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज करने लगा। कैफे मालिक कुणाल ने गुड्डू का पक्ष लेते हुए उसकी पिटाई कर दी और चाकू से उसकी दाहिनी जांघ में वार कर दिया। पुलिस ने आशीष के बयान पर कुणाल और गुड्डू को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

## एक करोड़ की ड्रग्स के साथ दो सगे भाई गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने एक अंतर्राज्यीय ड्रग्स का धंधा करने वाले दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान तेज सिंह और सूबेदार सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 915 ग्राम हेरोइन जब्त की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत एक करोड़ रुपये से ज्यादा है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसआई सुखविंदर सिंह और हेड कांस्टेबल राज आर्यन को सूचना मिली कि तेज सिंह नाम का एक व्यक्ति अपने सहयोगी के साथ हेरोइन की खेप लेकर किसी को सप्लाई करने के लिए सेक्टर 23-24, रोहिणी रेड लाइट के पास आएगा। इंस्पेक्टर संदीप स्वामी के नेतृत्व में एसआई सुखविंदर सिंह, एसआई प्रदीप



दहिया, एसआई रवि सैनी, एसआई सतेंद्र दहिया, एएसआई अशोक, एएसआई प्रीतम, एएसआई सुनील, हेड कांस्टेबल राज आर्यन, कपिल यादव, सुमित, परमजीत और परमिंदर और रविंदर को आरोपितों को पकड़ने का जिम्मा सौंपा गया।

पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी करके आरोपित तेज सिंह और सूबेदार सिंह को ड्रग्स के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि उनका एक कॉमन दोस्त ड्रग तस्कर है। उसका सगा भाई कुंवर सिंह भी ड्रग्स के कारोबार में शामिल था और उसकी टैक्सी का इस्तेमाल ड्रग्स तस्करी के लिए करते थे।

इसके लिए उन्हें प्रति चक्कर के बीस हजार रुपये मिला करते थे। साल 2018 में कुंवर सिंह को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एनडीपीएस के एक मामले में गिरफ्तार किया था। कुंवर सिंह के जेल में रहने के बाद वे जेल में उनसे मिलने जाते थे और अन्य मुलाकातियों से परिचय प्राप्त करते थे। इस प्रकार वे उत्तर प्रदेश के ड्रग तस्करों के संपर्क में आए। कुछ लोगों से जान पहचान होने के बाद वे भी इसी धंधे में लग गए।

वे पिछले 10 महीने से दिल्ली के कुछ इलाकों में मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल रहे हैं। आरोपित तेज सिंह टैक्सी चलाया करता था लेकिन उसकी कमाई अच्छी नहीं थी, इसलिए उसने अपनी टैक्सी में अवैध शराब की आपूर्ति शुरू कर दी और 2019 में गिरफ्तार होने पर जेल में बंद हो गया। आरोपित सूबेदार सिंह आसानी से पैसा कमाने के लिए अपने भाई के साथ नशीली दवाओं के कारोबार में शामिल हो गया।

## डूसू चुनाव को लेकर कुलपति ने अधिकारियों संग की बैठक

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने 22 सितंबर को होने वाले दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव के लिए सुरक्षा उपायों सहित व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए हुई बैठक की अध्यक्षता की। वाइस-रीगल लॉज के काउंसिल हॉल में आयोजित इस बैठक के दौरान डूसू चुनाव 2023-24 से संबंधित विभिन्न मुद्दों जैसे सामान्य व्यवस्था और सुरक्षा उपायों आदि पर चर्चा की गई। इस दौरान कुलपति ने चुनाव से पहले की स्थिति का जायजा लिया और चुनाव के लिए की जाने वाली व्यवस्थाओं के बारे में विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कॉलेजों के प्राचार्यों, हॉलों और हॉस्टलों के प्रोवोस्टस व पुलिस अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से बातचीत की। कुलपति ने सभी से अनुरोध किया कि डूसू चुनाव सुचारू और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो इसके लिए कोई भी कसर न छोड़ी जाए।

इस अवसर पर डूसू के मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. चंद्रशेखर ने बताया कि कॉलेज छात्र संघों के चुनाव पेपर बैलेट के माध्यम से होंगे जबकि विश्वविद्यालय छात्र संघ का चुनाव ईवीएम के माध्यम से कराया जाएगा। ईवीएम का त्रुटिहीन उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कॉलेजों के नामित शिक्षक-कर्मचारियों के प्रशिक्षण सत्र ईसीआईएल के अधिकारियों की मदद से 18 से 20 सितंबर तक बी-16, रग्बी स्टेडियम, यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स स्टेडियम में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किए गए हैं। ईवीएम 21 सितंबर को कॉलेजों में पहुंचाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि ईवीएम की सुरक्षा के लिए कॉलेज जिम्मेदार हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि डूसू का वोट पहले डाला जाए, ईवीएम कागजी मतपेटियों से पहले रखी जायें। मतदान का समय दिन की कक्षाओं के लिए सुबह 8-30 बजे से दोपहर एक बजे तक और शाम की कक्षाओं के लिए दोपहर तीन बजे से शाम 7-30 बजे तक है। मतदान के बाद ईवीएम को छात्र प्रतिनिधियों और चुनाव अधिकारी की उपस्थिति में बक्सों में सील कर दिया जाएगा और दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस में विश्वविद्यालय स्टेडियम के मल्टीपर्पज हॉल में भेज दिया जाएगा। वोटों की गिनती कॉन्फ्रेंस सेंटर ही होगी। कॉलेज चुनाव से संबंधित किसी भी मामले का निपटारा कॉलेज में गठित शिकायत समिति द्वारा ही किया जाना है, न कि डूसू-चुनाव कार्यालय द्वारा।

## प्रतिभा ने मोदी से भेंट कर की विशेष आर्थिक पैकेज जारी करने की मांग

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद प्रतिभा सिंह ने संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में भारी बारिश और भूस्खलन से हुए नुकसान की जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री से राहत और पुनर्वास के लिए विशेष आर्थिक पैकेज देने की मांग की। संसद भवन के प्रधानमंत्री कार्यालय में हुई बैठक में प्रतिभा सिंह ने प्रधानमंत्री से विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए प्रदेश में भारी बारिश और भूस्खलन से हुए जानमाल के नुकसान के बारे में बताया। प्रतिभा ने बताया कि प्रदेश में भारी बारिश और भूस्खलन से करीब 441 लोगों की मौत हुई है। 39 लोग लापता हैं। किसानों और बागवानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। 1200 आवासीय भवन पूरी तरह ध्वस्त हुए हैं। सड़कों, पुलों को भी भारी नुकसान हुआ हैं।

उन्होंने कहा कि अभी तक 13,000 करोड़ के आरंभिक नुकसान का आकलन है, जो बढ़ भी सकता है। प्रतिभा ने प्रधानमंत्री से प्रदेश को विशेष आर्थिक मदद की गुहार लगाते हुए कहा कि विकट वित्तीय स्थिति के चलते प्रदेश अपने बलबूते पर इस नुकसान की भरपाई और राहत कार्यों को पूरा नहीं कर सकता। आपदा की इस घड़ी में मानवीय संवेदना के तौर पर केंद्र सरकार से प्रदेश को बहुत उम्मीदें हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिभा सिंह को भरोसा दिलाया कि केंद्र



सरकार प्रदेश की हरसंभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि राहत मैन्युअल के तहत प्रदेश को राहत व पुनर्वास कार्यों में भी पूरी मदद की जाएगी। प्रतिभा सिंह ने प्रधानमंत्री का संसद भवन में उनको तुरंत ही मिलने का समय देने और उनका आग्रह सुनने और आर्थिक सहायता देने के भरोसे के लिए आभार जताया।

## सिंधिया ने किया 'उड़ान भवन' का उद्घाटन, 'ई-वॉलेट सुविधा' का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** सभी विमानन नियामक प्राधिकरणों को एक ही जगह लाकर उनके बीच बेहतर समन्वय के उद्देश्य से नागर विमानन मंत्रालय ने दिल्ली के सफदरजंग हवाई अड्डे पर एक एकीकृत कार्यालय परिसर 'उड़ान भवन' तैयार किया है जिसका केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उद्घाटन किया।

राजीव गांधी भवन के समीप स्थित इस भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग तथा नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह और नागर विमानन मंत्रालय में सचिव वुमलुनमंग वुअलनाम भी उपस्थित थे।

इस नवनिर्मित उड़ान भवन में नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए), नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस), विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) और विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (एईआरए) के कार्यालय होंगे। ये




चारों विभाग नियामक प्राधिकरण होने के नाते नागर विमानन के क्षेत्र में मानकों के अनुसार नियमों एवं विनियमों के निर्माण व कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह भवन इन चारों प्राधिकरणों के बीच बेहतर समन्वय की सुविधा प्रदान करेगा।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) देशभर में विभिन्न हवाई अड्डों पर निर्माण, संचालन, एटीसी एवं सीएनएस सेवाएं प्रदान करने तथा रखरखाव के लिए जिम्मेदार प्रमुख हवाई अड्डा ऑपरेटर है।

श्री सिंधिया ने इसके साथ ही इस अवसर पर प्रायोगिक ई-वॉलेट सुविधा भारतकोष पोर्टल का शुभारंभ भी किया। यह ई-वॉलेट विभिन्न नियामक अनुमोदनों के लिए शुल्क की प्रोसेसिंग में विशेष रूप से उपयोगी होगा। यह एक प्रीपेड वॉलेट के रूप में कार्य करेगा। प्रारंभ में, धनराशि का समावेश के लिए केवल एनईएफटी/आरटीजीएस मोड की अनुमति होगी। उपयोगकर्ता तुरंत रसीद और चालान भी पा सकेंगे।

इस अवसर पर केन्द्रीय नागर विमानन तथा इस्पात मंत्री सिंधिया ने कहा, आज एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि हम न केवल उड़ान भवन का उद्घाटन कर रहे हैं बल्कि भारतकोष पोर्टल का भी उद्घाटन कर रहे हैं जो एक प्रीपेड वॉलेट के रूप में कार्य करेगा। यह पोर्टल हमारे नागर विमानन मंत्रालय के माध्यम से अपेक्षाकृत तेज, तत्पर एवं अधिक सुरक्षित भुगतान प्रणाली को संभव बनाएगा।

## शिंदे समेत 16 'बागी' विधायकों की अयोग्यता मामले में फैसला दो सप्ताह में बताएं :सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समेत 16 शिवसेना विधायकों के खिलाफ योग्यता संबंधी मामले पर सुनवाई करते हुए सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष से इस मामले पर (उनके समक्ष लंबित मामले) कहा कि एक सप्ताह में यह निर्धारित करें कि इस पर उनके द्वारा कब तक कोई निर्णय लिया जाएगा।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि (वह) अध्यक्ष यह नहीं कह सकते कि इसे उचित समय पर निर्णय लिया जाएगा।

पीठ ने सॉलिसिटर जनरल से कहा यह मामला अनिश्चित काल तक नहीं चल सकता है।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, इस मामले को अगले सप्ताह



सूचीबद्ध करने दें और हमें दो सप्ताह के बाद बताएं कि क्या कार्यवाही की गई है।

मुख्य न्यायाधीश ने श्री मेहता से पूछा कि इस अदालत के 11 मई के फैसले के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने अपने समक्ष लंबित इस मामले में क्या किया?

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने सुनवाई के दौरान पीठ की ओर से कहा अध्यक्ष को शीर्ष अदालत की गरिमा का पालन करना होगा।

उन्होंने अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला करने के लिए एक समय-सारणी निर्धारित करने पर जोर पर जोर देते हुए कहा हमारे फैसले को चार महीने बीत चुके हैं। शीर्ष अदालत ने शिवसेना (उद्धव ठाकरे) विधायक सुनील प्रभु की याचिका पर 14 जुलाई को महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को नोटिस जारी किया था। नोटिस में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले बागी शिवसेना विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर शीघ्र निर्णय लेने का निर्देश देने की गुहार लगाई गई थी।

**न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, इस मामले को अगले सप्ताह सूचीबद्ध करने दें और हमें दो सप्ताह के बाद बताएं कि क्या कार्यवाही की गई है।**

## लखीमपुर खीरी में किसानों की मौत का मामला,सुप्रीम कोर्ट ने भंग की एसआईटी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2021 में उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में किसानों की मौत के मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) को सोमवार को भंग कर दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा यह सूचित किए जाने के बाद एसआईटी भंग करने का आदेश पारित किया कि इस मामले में जांच पूरी हो गई है और मुकदमा चल रहा है। शीर्ष अदालत की एक पीठ ने एसआईटी का गठन किया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि हम इस बात से संतुष्ट हैं कि इस स्तर पर एसआईटी के सदस्यों और न्यायमूर्ति राकेश कुमार जैन (जांच की निगरानी के लिए नियुक्त) को उनकी जिम्मेदारियों से मुक्त किया जा सकता है, क्योंकि मामले की जांच पूरी हो चुकी है। शीर्ष अदालत ने 2021 की लखीमपुर खीरी हिंसा के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया।

इस घटना में आठ लोगों की मृत्यु हो गई थी, जिनमें से चार किसान थे। आरोप है कि कथित तौर पर केंद्रीय मंत्री राज्य और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद (सांसद) अजय कुमार मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा द्वारा इस्तेमाल किए गए वाहनों के काफिले ने किसानों को कुचल दिया गया था।

तीन अक्टूबर 2021 को केंद्र के कृषि कानूनों ( जिसे बाद में वापस ले लिया गया) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान लखीमपुर खीरी जिले में हिंसा भड़कने के बाद चार किसानों सहित आठ लोगों की मौत हो गई थी। किसान संगठनों ने आरोप लगाया था कि आशीष मिश्रा का एक वाहन प्रदर्शनकारियों के एक समूह को कुचल गया था।

खबर दृष्टिकोण
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कश्यप द्वारा शौर्य प्रिंटर्स, शिवपुरी कालोनी, निकट बांसमण्डी चौराहा, लखनऊ से मुद्रित एवं 551घ/1316, निकट शराफत जनरल स्टोर, आजाद नगर, आलमबाग, लखनऊ- 226005 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक- आरती कश्यप, Mob. : 9555229060,9838938570 Email- khabardrishtikon@gmail.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा) R.N.I. NO.: UPHIN/2021/82210